

पी.एम. आवास से मिली खुशियों की चाबी

# दैनिक भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com

◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 270 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये







## हिंदुओ की जाति देखती है कांग्रेस.. मुसलमानों की नही-पीएम मोदी

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ जीत के बाद पीएम नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जाति के मुद्दे पर कांग्रेस पर वार किया है। हरियाणा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद बुधवार को मोदी ने कहा कि कांग्रेस हिंदुओं में जाति देखती है लेकिन मुसलमानों की नहीं।



मोदी ने कहा कि कांग्रेस हिंदुओं को लड़ाती है। कांग्रेस सत्ता में आने को बैचेन है वो नफरत की राजनीति करती है। कांग्रेस सनातन परंपरा का दमन कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा ने बता दिया है देश का मूड क्या है। कांग्रेस का इको सिस्टम जनता को गूमराह कर रहा है। कांग्रेस ने दलितों को गूमराह करने का प्रयास किया है। उसकी सारी साजिश ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम लगा था।

हरियाणा के ओबीसी विकास कार्यों को देखकर बीजेपी के साथा आए। कांग्रेस ने किसानों को भड़काया है। कांग्रेस ने युवाओं को टारगेट किया। अलग-अलग तरीके से भड़काने की लगातार कोशिश की।

### कांग्रेस की नीति हिंदुओं को बांटों, राज करो

**पीएम मोदी ने कहा कि हिंदुओं की बात आती है तो कांग्रेस उनकी चर्चा जातियों से करती है। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा उतना फायदा होगा। कांग्रेस हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है। कांग्रेस ये फार्मूला ही लागू करती है। वो जहर घोलने के हर हथकंडे अपना रही है।**

कांग्रेस को झटके पर झटका

## टूट गई यूपी के दो लड़कों की जोड़ी!

### सपा ने जारी कर दी उप चुनावों के लिए प्रत्याशियों की सूची

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 10 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होना है। माना जा रहा था कि लोकसभा की तरफ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी उप चुनाव भी मिलकर लड़ेंगे, लेकिन सपा ने आज अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। सपा ने 10 में से 6 सीटों के लिए आज सूची जारी कर दी है। सपा की तरफ से प्रत्याशियों की घोषणा को कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि सूची जारी करने पहले सपा ने कांग्रेस नेताओं से किसी तरह की चर्चा नहीं की है। बतादें कि एक दिन पहले ही हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। जम्मू- कश्मीर में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसी वजह से आज सपा की तरफ से प्रत्याशियों की घोषणा को कांग्रेस के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है। सपा की तरफ से प्रत्यशी तय किए जाने को यूपी में फिर एक बार कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन टूटने के रुप में देखा जा रहा है। बता दें कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी ने मिलकर उत्तर प्रदेश में लोकसभा का चुनाव लड़ा था, इसके अच्छे परिणाम आए थे। इससे पहले दोनों पर्टियां मिलकर यूपी का लोकसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं, लेकिन प्रत्याशीत सफलता नहीं मिलने के बाद दोनों फिर अलग-अलग हो गए थे। सपा ने उप चुनाव के लिए इन्हें बनाया प्रत्याशी सपा ने करहल सीट से तेज प्रताप सिंह यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुफ्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मझंवा सीट से ज्योति बिंद को उम्मीदवार घोषित कर दिया है।



## कांग्रेस नेताओं के बयान पर चुनाव आयोग ने जताई नाराजगी

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखी चिट्ठी




**नई दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के मंगलवार को नतीजे आ गए। हरियाणा में सबको चौंकाते हुए बीजेपी ने जीत की हैट्रिक लगा दी। पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं, कांग्रेस ने 37 सीटें अपने खाते में डाली। हरियाणा में चुनाव के नतीजों के बाद कुछ कांग्रेसी नेताओं ने चुनाव आयोग पर जानबूझकर वोटों की गिनती धीमी करने का आरोप लगाया तो वहीं कुछ नेताओं ने तो ईवीएम तक पर सवाल उठाए हैं। इन आरोपों को लेकर चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में कहा कि ऐसे बयान देश की लोकतांत्रिक परंपरा के खिलाफ हैं। यह जनता की राय को नकारने जैसा है। आयोग ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा समेत पूरे देश में चुनाव एक ही नियम-कानून से होते हैं।

### समाचार शीर्ष

खस्ताहाल पाकिस्तान पर बढ़ा कर्ज का बोझ

## 70.4 ट्रिलियन रुपए के रिकार्ड स्तर पहुंचा



**कराची।** विदेशी मुद्रा भंडार की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान पर दूसरी आफत मंडरा रही है. मंगलवार को जारी केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान का सरकारी कर्ज 1.5 ट्रिलियन रुपए बढ़कर 70.4 ट्रिलियन रुपए तक पहुंच गया है. सरकारी कर्ज में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से खर्च की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी वित्तीय जरूरतों को सरकार की आवश्यकता की वजह से है. इस साल अगस्त में केंद्र सरकार के कर्ज में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई. इन उधारों में पिछले महीने की तुलना में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई. जुलाई में ऋण 69.6 ट्रिलियन रुपये पर आ गया, जो 30 जून तक 68.9 ट्रिलियन रुपए था. सार्वजनिक ऋण में मुख्य रूप से घरेलू ऋण के कारण वृद्धि हुई, जो जुलाई-अगस्त वित्त वर्ष 25 में 2.5 प्रतिशत बढ़कर 48.3 ट्रिलियन रुपए हो गया. अगस्त में कर्ज में पिछले साल की तुलना में 21.5 प्रतिशत और पिछले महीने की तुलना में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

हरियाणा में बीजेपी का 'खेला' जारी,

## सरकार बनाने से पहले ही बढ़ी विधायकों की संख्या, 51 पहुंची संख्या

चंडीगढ़। हरियाणा में BJP रिकॉर्ड लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा चुनाव में बीजेपी सुनामी ऐसी आई कि कांग्रेस दूर बह गई। 90 सीटों वाले विधानसभा में बीजेपी 48 सीटों के साथ सत्ता बना ली। वहीं कांग्रेस सिर्फ 37 सीट पर सिमत कर रह गई।



हालांकि सत्ता में आने के बाद भी भाजपा का हरियाणा में खेल जारी है। राज्य में सरकार बनाने से पहले ही बीजेपी के विधायकों की संख्या बढ़ गई है। जी हां.. चुनाव में जीतकर आए तीन निर्दलीय विधायक ने बीजेपी को समर्थन देने का ऐलान किया है। इसी के साथ ही बीजेपी के विधायकों की संख्या अब 51 पहुंच गई है। इससे राज्य में भाजपा और मजबूत हुई है।

हरियाणा के तीनों निर्दलीय विधायक बीजेपी को समर्थन देंगे। देवेंद्र कादयान, सावित्री जिंदल और राजेश जून बीजेपी में शामिल होंगे। देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने बीजेपी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर हिसार सीट से ताल ठोकी थी। उन्होंने इस सीट से जीत दर्ज की है। तीनों निर्दलीय विधायक आज धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर भाजपा में शामिल होने की बात कही।

### शपथ ग्रहण की तैयारियां भी तेज

इधर कार्यवाहक सीएम नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण की तैयारियां भी तेज हो गई है। फिलहाल शपथ ग्रहण की तारीख तय नहीं हुई है। 12 अक्टूबर के बाद शपथ हो सकता है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सैनी 12 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन शपथ ले सकते हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रधानमंत्री आवास पहुंचकर पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने जीत पर सैनी को बधाई दी। पीएम मोदी ने सैनी के साथ मुलाकात का फोटो सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है। फोटो शेयर करते हुए पीएम ने लिखा कि- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी से मिला और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है।

### जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है: नायब सिंह सैनी

वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। पीएम मोदी की योजनाओं का लाभ गरीबों को भी मिल रहा है। उनको देश के लोग प्यार करते हैं. इसी वजह से बीजेपी आई है। सभी को धन्यवाद आभार व्यक्त करता हूं। उनसे मुलाकात हुई है। मैंने उनको बताया है कि आपको हरियाणा वाले बहुत प्यार करते हैं।

## दंतेवाड़ा-नारायणपुर मुठभेड़: मारे गए 31 माओवादियों में से 29 की हुई पहचान

### 2 करोड़ 15 लाख रुपये का था इनाम

भास्कर दूत

**जगदलपुर।** 4 अक्टूबर को दंतेवाड़ा-नारायणपुर के नेंदूर-थुलथुली के जंगल में हुई मुठभेड़ में मारे गए 31 माओवादियों में से 29 की पहचान कर ली गई है. इन 29 माओवादियों पर कुल 2 करोड़ 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था. यह मुठभेड़ इस वर्ष की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है.



बस्तर पुलिस द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार, मारे गए माओवादियों में 01 डीकेएसजेडसी, 01 सी.वाय.पी.सी. कमांडर, 03 डीवीसीएम, 14 पीएलजीए कंपनी नंबर 06 के सदस्य, 02 डीकेएसजेडसी गार्ड और 06 एरिया कमिटी सदस्य शामिल हैं.

### पहचान किए गए माओवादियों में प्रमुख नाम इस प्रकार हैं:

नीति उर्फ उर्मिला (45 वर्ष) - पूर्व बस्तर डिविजन इंचार्ज सचिव (25 लाख इनामी)

नंदू मण्डावी – CYPC- कंपनी नंबर 06 कमाण्डर (10 लाख इनामी)

**सुरेश सलाम उर्फ जानकू** - डीव्हीसीएम आमदई एरिया कमेटी (08 लाख इनामी)

मीना नेताम (44 वर्ष) -डीव्हीसीएम (08 लाख इनामी)

**महेश** - डीव्हीसीएम (08 लाख इनामी)

अर्जुन उर्फ रंजीत (30 वर्ष) - पी.पी.सी.एम. पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर 06 सदस्य (08 लाख इनामी)

**सुन्दर उर्फ कमलू** - पी.पी.सी.एम. पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर 06 सदस्य (08 लाख इनामी)

**बुधराम मड़काम** - पी.पी.सी.एम. पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर 06 सदस्य (08 लाख इनामी)

**मोहन मण्डावी** - पी.पी.सी.एम. पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर 06 सदस्य (08 लाख इनामी)

बसंती पति साकेत (30 वर्ष) - पी.पी.सी.एम. पी.एल.जी. ए. कम्पनी नम्बर 06 सदस्या (08 लाख इनामी)

**जगनी कोर्राम (36 वर्ष)** - पी.एल.जी.ए. कम्पनी नंबर 06 सदस्या (08 लाख इनामी)

लोहारीडीह हिंसा

## महिला आयोग के पत्र पर राज्यपाल रमेन डेका ने लिया संज्ञान

### गृह विभाग से मांगी जानकारी, जेल में बंद महिलाओं से जुड़ा है मामला

भास्कर दूत

**रायपुर।** कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले में जेल बंद कैदियों से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने 24 सितंबर को मुलाकात की थी, इसके बाद नायक ने आरोप लगाया कि जेल में बंद महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा गया है। महिलाओं के संवेदनशील अंगों पर चोट के निशान हैं। उन्होंने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, हाईकोर्ट के न्यायाधीश, मानवाधिकार आयोग, राज्यपाल को पत्र लिखकर तत्कालीन एसपी अभिषेक पल्लव सहित पुलिसकर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की थी। जिसपर अब राज्यपाल रमेन डेका ने गृह विभाग से जानकारी मांगी है। बता दें कि राज्यपाल रमेन डेका के अवर सचिव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर लोहारीडीह मामले में आवश्यक कार्यवाही करने और कार्यवाही के पश्चात् छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एवं राज्यपाल सचिवालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है।




गोलियों से छलनी मिला जवान का शव

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने सेना के जवान की अपहरण के बाद की हत्या



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से अपहरण किए गए भारतीय सेना के जवान को आतंकवादियों मे मार दिया है। सुरक्षा बलों को बुधवार को टेरिटोरियल आर्मी के जवान की बॉडी मिली है। उसके शरीर पर गोलियों के निशान हैं। जिस जवान की बॉडी मिली है, उसका नाम हिलाल अहमद भट है। वह अनंतनाग के मुखधामपोरा नौगाम के रहने वाले थे। वह 8 अक्टूबर कोकेरनाग के काजवान फॉरेस्ट एरिया में मिलिट्री ऑपरेशन में गया था। इसी दौरान लापता हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों ने भारतीय सेना के दो जवानों को अपहरण कर लिया। हालांकि एक जवान चकमा देकर भागने में कामयाब रहा था।

## भाड़ा नियंत्रण अधिकरण के अध्यक्ष व पंजीयक के खिलाफ गंभीर शिकायत

### कर्मचारियों की समस्याएं हल करने की बजाय उन्हें करते हैं प्रताड़ित?

भास्कर दूत

रायपुर। छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिकरण रायपुर के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह और रजिस्ट्रार सी. तिर्की के विरुद्ध अधिकरण के ही कर्मचारियों ने गंभीर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। कर्मचारियों ने शिकायत में कहा है कि दोनों अधिकारी उनकी समस्याएं हल करने की बजाय उल्टे उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं।

राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव के नाम शिकायती पत्र में कर्मचारियों ने बताया है कि रजिस्ट्रार श्री तिर्की मुख्यमंत्री से भी शिकायत कर लेने की बात कहते हैं। वहीं अध्यक्ष श्री सिंह को भ्रष्ट बताते हुए कहा गया है कि उनकी नियुक्ति कांग्रेस सरकार द्वारा नियम में बदलाव करके 65 वर्ष की बजाय 67 वर्ष तक तक के लिए की गई है। छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिकरण रायपुर के नियमित कर्मचारी कमल किशोर पुजारी चौकीदार, गिरधारी साहू, विद्या पटेल भृत्य, दिनेश यादव आदेशिका वाहक, परमेश्वर देवांगन, हरीश साहू सहायक ग्रेड-3, फिरोज कुमार साहू, श्रीमती हेमलता ठाकुर स्टेनोग्राफर और हेमंत कौशिक अनुवादक ने बीते 30 अगस्त को संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र मंत्रालय के आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव श्रीमती आर. संगीता को प्रेषित किया है।

### कई ज्ञापन के बावजूद निराकरण नहीं

पत्र में बताया गया है कि उन्होंने अपनी परेशानियों के निराकरण के लिए पंजीयक सी. तिर्की और अधिकरण के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह को कई बार ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया, लेकिन समस्याएं आज तक जस की तस बनी हुई है। इन दोनों अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए इन कर्मचारियों ने बताया है कि संयुक्त हस्ताक्षर करने वाले सभी कर्मचारी भाड़ा नियंत्रण अधिकरण रायपुर के नियमित कर्मचारी हैं तथा उनके मूल विभाग आवास एवं पर्यावरण विभाग है। बताया गया है कि दोनों अधिकारी उनका वेतन भुगतान जानबूझकर देरी से करते हैं। रजिस्ट्रार अतिरिक्त प्रहर में होने के कारण सप्ताह में एक दो बार आते हैं और हस्ताक्षर करके चले जाते हैं।




### पदोन्नति का लाभ भी नहीं मिल रहा

विगत 8-10 साल से नियमित पद पर काम कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पदोन्नति भी नहीं दी जा रही है। पदोन्नति के लिए डीपीसी का गठन नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कार्यालय में पेयजल की समस्या बताते हुए कहा कि आर.ओ. मशीन खराब हो गई है। मजबूरी में पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। एक-दो दिन के आकस्मिक अवकाश के आवेदन पर अध्यक्ष दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही करते हुए अवकाश को अस्वीकृत कर देते हैं। वेतन भी काट देते हैं, जबकि संबंधित कर्मचारियों के खाते में आकस्मिक एवं अर्जित अवकाश पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होता है। सामान्यत- ऐसा किसी शासकीय कार्यालय में नहीं होता। वेतन बिल, मेडिकल बिल इत्यादि जो जिनाइन होता है, उसे जानबूझकर देरी करते हैं। फर्जी-फर्जी मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता बिल और अन्य बिल को तुरंत निकलवाते हैं और पंजीयक बिना नियम-कानून देखे, तुरंत चेक बना कर दे देते हैं।

### संविदा नियुक्ति निरस्त करने के आदेश पर अमल नहीं?

कर्मचारियों ने शिकायत में आगे बताया है कि कांग्रेस सरकार के समय चुनाव के पहले जब संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की बात चल रही थी, तब अध्यक्ष द्वारा अपने पहचान वाले लोगों को मोटरवाहन चालक एवं भृत्य के पदों पर नियुक्त किया गया, जिसका विरोध कर्मचारियों ने किया।

*उस संविदा नियुक्ति को निरस्त करने हेतु मंत्रालय में ज्ञापन भी दिया गया। वहां से नियुक्ति निरस्त करने हेतु ज्ञापन कार्यालय में आया, परंतु नियुक्ति निरस्त करना तो दूर उन्होंने उन लोगों की सेवा में दोबारा वृद्धि कर दी, जो भाजपा के शासनकाल में हुआ, जबकि भाजपा शासन आने के बाद यह निर्देश जारी हुआ था कि कोई भी नियुक्ति, यहां तक की संविदा नियुक्ति भी शासन की अनुमति प्राप्त किए बिना नहीं हो सकेगी। फिर भी इन सब बातों को दरकिनार किया जा रहा है। संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र में कर्मचारियों ने और भी शिकायतें की है। अब देखना है कि राज्य शासन इन कर्मचारियों द्वारा की गई शिकायत पर उक्त अधिकारियों के खिलाफ कब तक और क्या एक्शन लेता है?*




# रायपुर प्रभारी सचिव निहारिका बारीक ने की विभागीय समीक्षा

भास्कर दूत




**रायपुर।** जिले की प्रभारी सचिव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव निहारिका बारीक ने कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा की। इस दौरान प्रभारी सचिव बारीक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्य बनीं।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की उपस्थिति में आयोजित विभागीय समीक्षा में प्रत्येक विभागों के कार्यों की प्रभारी सचिव श्रीमती बारीक ने जानकारी ली और लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव बारीक ने कहा कि राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकॉर्ड को सुरक्षित किया जाएं। इसके लिए पुराने अभिलेखों को डिजिटलाइजेशन किया जाएं। इससे सभी दस्तावेज हमेशा के लिए सुरक्षित होंगे। सभी सक्षम अधिकारी समय-समय पर राजस्व के लंबित प्रकरणों की मॉनीटरिंग कर उसका निपटारा करें। उन्होंने कहा कि जिले के मुख्य मार्गों में होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। सड़कों पर बैठे मवेशियों की वजह से होने वाले दुर्घटना को रोकने के लिए पशुधन विभाग को आवारा मवेशियों के सींग में गुणवत्तायुक्त रंग लगाने के निर्देश दिए। इससे वाहनों चालकों को रात के अंधेरे में दूर से ही सड़कों पर बैठे मवेशी आसान से नजर आएं। साथ ही कॉलर बेल्ट भी पहनाया जाएं। मवेशियों के बैठने के लिए चबूतरा बनाया जाएं और गांवों में चौपाल लगाकर मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए जागरूक किया जाए। बारिश का पानी कहीं पर भी किसी भी स्थिति में न भरें, इसका विशेष ध्यान रखा जाएं। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं में समस्या आने पर आम नागरिकों से फीडबैक लिया जाएं और उनकी समस्याओं को त्वरित निराकृत किया जाएं। समीक्षा बैठक में प्रभारी सचिव श्रीमती बारीक को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने जिले में नशे की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दी।


सिंह ने बताया कि गांजा की तस्करी रोकने के लिए पड़ोसी राज्य ओड़िसा के करीब में चेकपोस्ट लगाया गया है, जहां पर वाहनों की समय-समय पर जांच की जाती है, ताकि रायपुर शहर तक मादक पदार्थ न पहुंचे। प्रभारी सचिव बारीक ने कहा कि बच्चों और युवाओं को नशे की लत से दूर किया जाएं। नशा मुक्ति केंद्र में वर्तमान में 15 बिस्तरों की संख्या को बढ़ाई जाएं और वहां युवाओं की काउंसिलिंग बेहतर की जाएं। बारीक ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं पेयजल, साफ-सफाई के लिए किसी भी आम नागरिकों को परेशानी न हो और असुविधा होने पर फीडबैक लिया जाए और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएं। बारीक ने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएं और शराब दुकानों में शराब की ओव्हररेट बिक्री करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएं। इसके अलावा प्रभारी सचिव ने मत्सय पालन, मनरेगा, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, पीएम सूर्य योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नल-जल योजना, अमृत सरोवर, समाज कल्याण विभाग, आईटीएमएस, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, स्कूल शिक्षा विभाग समेत विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफओ लोकेश पटेल, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

रायपुर जिले में राशन कार्डधारियों की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत की जाएगी। इसके लिए प्रभारी सचिव ने कलेक्टर को अभियान के तहत ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए है। प्रभारी सचिव बारीक ने कहा कि समय निर्धारित कर ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया जाएं। साथ ही गैस-सिलेंडर की डिलीवरी हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे। सिलेंडर का नौप-तौल कर हितग्राहियों को पहुंचाई जाएं।

### ड्रोन दीदी को प्रशिक्षित कर उपलब्ध कराएं रोजगार

*प्रभारी सचिव श्रीमती बारीक ने कहा कि जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी के रूप में तैयार किया जाएं। साथ ही उन्हें प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाया जाएं। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को कृषि क्षेत्र में सहभागी बनाया जाए। स्व सहायता समूह की महिलाओं को साग-सब्जी के कार्यों से जोड़ा जाए और उन्हें लखपति दीदी बनाया जाएं।*

# सचिन तेंदुलकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में करेंगे भारत की अगुआई, रायपुर में होगा फाइनल



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (ढ्ढरूरु) दुनिया भर में धूम मचाने के लिए तैयार है, जिसमें छह क्रिकेट महाशक्तियों-भारत, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर रोमांचक टी-20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में साथ दिखेंगे। पहले संस्करण का आयोजन 17 नवंबर, से आठ दिसंबर तक होगा। नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आठ मैच खेले जाएंगे। फाइनल मैच का रोमांच भी यहीं देखने को मिलेगा। नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम, चार मैचों के शुरुआती चरण की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 नवंबर को भारत और श्रीलंका के बीच एक रोमांचक मुकाबले से होगी। इसमें सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा आमने-सामने होंगे, जो अतीत के उनके शानदार मुकाबलों की याद दिलाता है। दूसरे मैच में शेन वाटसन की आस्ट्रेलियाई टीम का सामना जैक्स कैलिस की दक्षिण अफ्रीकी टीम से होगा और इसके बाद श्रीलंका और इयोन मार्गन की इंग्लैंड की टीम के बीच एक और मुकाबला होगा। ब्रायन लारा और उनकी वेस्टइंडीज टीम, आस्ट्रेलियाई टीम का मुकाबला करने के लिए मैदान पर लौटेगी, जो रोमांचक मुकाबला होगा।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में कप्तान

1. भारत = सचिन तेंदुलकर
2. वेस्टइंडीज = ब्रायन लारा
3. श्रीलंका = कुमार संगकारा
4. आस्ट्रेलिया = शेन वाटसन
5. इंग्लैंड = इयोन मार्गन
6. दक्षिण अफ्रीका = जैक्स कैसि

मास्टर्स लीग के रायपुर में होने वाले मैच

तारीख- समय - टीम

28 नवंबर - शाम 7=30 बजे- भारत बनाम इंग्लैंड

30 नवंबर - शाम 7=30 बजे- श्रीलंका बनाम इंग्लैंड

01 दिसंबर - शाम 7=30 बजे- भारत बनाम वेस्टइंडीज

02 दिसंबर - शाम 7=30 बजे- श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया

03 दिसंबर - शाम 7=30 बजे- वेस्टइंडीज बनाम इंग्लैंड

05 दिसंबर - शाम 7=30 बजे- पहला सेमीफाइनल

06 दिसंबर - शाम 7=30 बजे- दूसरा सेमीफाइनल

8 दिसंबर - शाम 7=30 बजे- फाइनल

# दिसंबर तक पूरा होगा छत्तीसगढ़ विधानसभा का सिविल वर्क, जायजा लेने फील्ड में उतरे डिप्टी सीएम अरुण साव

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी के साथ विस्तार कर रही है। साथ ही औद्योगिक विकास के लिए लगातार कार्य योजना पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा राज्य में रफ्तार के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के डिप्टी सीएम और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने पीडब्ल्यूडी और स्मार्ट सिटी के कार्यों में तेजी लाने के लिए फील्ड पर उतरे। यहां उन्होंने नए विधानसभा और कचना फ्लाई-ओवर के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। डिप्टी सीएम अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर केके पीपरी और बाकी के वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ कचना में रेलवे फ्लाई-ओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और निर्माण कंपनी को फ्लाई-ओवर का काम पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाई-ओवर का 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसे अप्रैल-2025 तक पूरा करने का टारगेट है। यहां गर्डर लॉन्चिंग का काम भी जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही डिप्टी सीएम ने नवा रायपुर में बन रहे विधानसभा भवन की साइट का भी भ्रमण किया। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा भवन का 75 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इस साल दिसंबर तक सिविल वर्क भी पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद फर्नीचर और इंटेरियर का काम शुरू होगा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर केके पीपरी और बाकी के वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ कचना में रेलवे फ्लाई-ओवर का निरीक्षण किया।

# अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए मंत्री टंकराम वर्मा

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने आज तिल्दा-नेवरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मंत्री वर्मा ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल पूछा और उनके शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की।

उन्होंने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं का जायजा भी लिया। वर्मा ने इस दौरान अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों के कार्य और व्यवहार के बारे में भी मरीजों से जानकारी ली। राजस्व मंत्री ने ओपीडी और वार्ड का निरीक्षण करने के साथ ही ओपीडी पंजीयन काउंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मरीजों की बेहतर देखभाल और समुचित उपचार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जुआरी और सटोरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में जुआरी व सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास तासपत्ती, सट्टापट्टी सहित नकदी रकम जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने तुलसी नगर कुशालपुर में जुआ खेलते आरोपी विवेक राजपूत 25 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 13500 रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने ग्राम बोहारडीह नवातालाब के पास जुआ खेलते आरोपी शत्रुहन पाटिल 45 वर्ष, गिरधारी डोंडे 38 वर्ष सहित अन्य 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित 9500 रुपए जब्त किया है।

## सार समाचार

### वनमंत्री के ओएसडी बने के.एन. काण्डे

**रायपुर।** प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के.एन. काण्डे को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जलसंसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन से जारी आदेश के तहत के.एन. काण्डे को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री के निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय खरोरा में फूड लाइसेंस बनाया एवं नवीनीकरण किया गया



**खरोरा।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा इकाई के कार्यालय में सोमवार दिनाक 07/10/2024 को स्थानीय व्यापारियों के व्यवसाय का फूड लाइसेंस बनाया गया एवम नवीनीकरण किया गया । फूड इंस्पेक्टर पूनम मांझी जी ने स्वयं खरोरा चैंबर कार्यालय में आकर अपना बहुमूल्य समय दिया व व्यापारियों का लाइसेंस बनवाया व नवीनीकरण किया जिसके लिए चैम्बर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल जी ने व्यापारियों की ओर से फूड इंस्पेक्टर पूनम मांझी जी का आभार व्यक्त किया ।।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर ।** टिकरापारा और तेलीबांधा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रद्धाविहार कालोनी बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी लालाराम साहू 38 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 जे 3347 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में भावना नगर खम्हारडीह निवासी प्रार्थी पारस बाग 38 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एम 6881 को लाभांडी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हिरोई चिट्टा के साथ दो युवक पकड़ाए

**रायपुर ।** आमानाका पुलिस ने टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ लॉज के कमरा नंबर 206 में दबिश देकर हेरोई चिट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस के टीम ने टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ लॉज के कमरा नंबर 206 में दबिश देकर आरोपीी हरप्रित सिंह 25 वर्ष और आकाश दीप सिंह को गिरफ्तार किया है।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने फुण्डहर चौक व्हीआईपी मार्ग में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण की प्रगति देखी



भास्कर दूत

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने फुण्डहर चौक व्हीआईपी मार्ग में चल रहे मार्ग सौंदर्यीकरण और मार्ग में चौक के किनारे लैंड स्केपिंग के कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा की उपस्थिति में लिया.

आयुक्त ने मार्ग सौंदर्यीकरण के कार्यों को सतत मॉनिटरिंग कर शीघ्रता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

वहाँ मार्ग विभाजक के मध्य पौधरोपण कर उसे फूलों से सजाकर सुन्दरता निखारने का कार्य सीएसआर मद से उद्योग समूह हीरा ग्रुप के सहयोग से करवाया जा रहा है. आयुक्त ने निजी खाली भूखंडों में कचरा और गन्दगी फैलाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की है और निजी खाली भूखंडों में कचरा और गन्दगी फैलाने वालों पर कार्यवाही कर जुर्माना लगाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं.

# अनजान लिंक पर भूलकर भी न करें क्लिक, वरना हो जाएंगे ठगी का शिकार, पुलिस ने किया सतर्क

भास्कर दूत




**रायपुर।** साइबर ठगों ने एक बार फिर से आम लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है, और इस बार उनका नया हथियार है कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी)! रायपुर पुलिस ने हाल ही में एक साइबर जागरूकता पखवाड़ा शुरू किया है, जिसमें स्कूल, कॉलेज और विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को इस प्रकार की ठगी से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि ठग लोग व्हाट्सएप, कॉल और संदेशों के माध्यम से यह दावा कर रहे हैं कि लोगों ने केबीसी या अन्य कंपनियों से 25 लाख रुपये की लॉटरी जीती है। अधिकतर ठग पाकिस्तान के कोड (+92) से शुरू होने वाले नंबरों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

ठग आपको यह संदेश भेजते हैं कि आपको लॉटरी की राशि प्राप्त करने के लिए एक विशेष नंबर पर संपर्क करना होगा। जब लोग लालच में आकर इस नंबर पर कॉल करते हैं, तो ठग उनसे रजिस्ट्रेशन, प्रोसेसिंग फीस और टैक्स के नाम पर पैसे मांगने लगते हैं।

धोखेबाज लोगों को विश्वास दिलाने के लिए ऑडियो, फोटो और मैसेज भेजते हैं, जो आमतौर पर खराब ड्राफ्टिंग, ग्रामर की गलतियाँ और रोबोटिक लहजे में होते हैं। जब एक बार लोग पैसे जमा कर देते हैं, तो ठग बहाने बनाकर और अधिक पैसे की मांग करने लगते हैं।

### पुलिस की सलाह

रायपुर पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे अनजान संदेशों पर विश्वास न करें और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें। यदि कोई भी संदेश दावा करता है कि आपने लॉटरी या प्राइज जीता है, तो यह पूरी तरह से फेक है। इस साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों पर पम्पलेट चिपकाए हैं और डिजिटल स्क्रीनों पर साइबर अपराध संबंधी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। देवेंद्र नगर चौक, आमानाका चौक, गौरव पथ, सिविल लाइन और जयस्तंभ चौक पर यह अभियान चलाया जा रहा है।

### ध्यान रखने वाली बातें

- यदि कोई भी मैसेज, ऑडियो, फोटो यह सूचित करता है कि आपने लॉटरी या प्राइस जीता है, ये पूरी तरह से फेक है।
- इस तरह के मैसेज, ऑडियो, फोटो को करीब से देखने, ध्यान से सुनने पर पुअर ड्राफ्टिंग, ग्रैमिटिकल एरर, रोबोटिक लहजे की वाइस होती है।

ये अपराधी लोगों के लालच का फायदा उठाते हैं। लोग लालच में होने के कारण अन्य लोगों के साथ चर्चा करना, अन्य माध्यमों से वेरिफाई करना, सामान्य सावधानियां रखना भूल जाते हैं।

- हमेशा किसी भी प्रतियोगिता में जीती हुई राशि में टैक्स और अन्य चार्ज काट दिए जाते हैं और विजेता को कटौती के बाद बची राशि दे दी जाती है।
- अपने आप से यह प्रश्न पूछें कि लाटरी मनी प्राप्त करने के लिए आपको एडवांस पेमेंट क्यों करना पड़ता है? ऐसा इसलिए क्योंकि यह एक फ्राड है।
- अपराधियों द्वारा गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया जाता है, यह इस बात का संकेत है कि यह पूरी तरह से फेक है।

# पी.एम. आवास से मिली खुशियों की चाबी

भास्कर दूत



**रायपुर।** हर इंसान का एक सपना होता है कि उसका एक अपना खुद का पक्का मकान हो सिर पर घर की अपनी पक्की छत हो ताकि उसका परिवार बहुत ही सुरक्षित हौर सुविधाजनक ढ़ंग से रह बस सके। रायपुर जिला अंतर्गत जनपद पंचायत आरंग में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास की चाबी एवं पूर्णता प्रमाण पत्र सौपा गया। नये हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश प्रदाय किया गया। सभी हितग्राहियों के चेहरे पर नये घर मिलने की खुशी साफ झलक रही थी । कच्चे घर में होने वाली परेशानी अब पक्के घर में दूर होने से चेहरे पर सुकुन था। अपनी सुविधा और सामर्थ्य से बढ़कर इंसान अपने परिवार के लिए घर की बुनियाद रखता है और अपने सपनों का संसार सजाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नये हितग्राहियों को आवास निर्माण के संबंध में विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई। जिससे आवास निर्माण समयावधि में गुणवश्रायुक्त निर्माण कर सके। सभी हितग्राहियों को बताया गया कि आवास की राशि का उपयोग आवास निर्माण में करें ताकि आगे किसी भी प्रकार की समस्या न हो। आवास की राशि सीधे हितग्राही के खाते में जारी की गई है। इसलिए किसी भी प्रकार की बिचौलियों से दूर रहें। जैसे-जैसे आवास का निर्माण होगा वैसे ही जियोटैग के बाद हितग्राही के खाते में राशि आवेगी। इसलिए जल्द से जल्द सभी आवास निर्माण करें। जनपद पंचायत आरंग में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आयोजित आवास मेला में माननीय श्री खुशवंत साहेब, विधायक आरंग, श्री कृष्णा वर्मा, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर, श्रीमती रानी पटेल, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर, माननीय श्रीमती हेमलता गुमेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत आरंग, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, विभिन्न योजनाओं के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।





# सूने मकान के अंदर से महिला ने की लाखों की चोरी, गिरफ्तार

भास्कर दूत




**रायपुर।** चोरी नकबजनी के प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह द्वारा चोरी नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आरोपियों को पकडने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर रायपुर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों द्वारा पेट्रोलिंग व सूचना एकत्रित कर संपत्ति संबंधी अपराधों में आरोपियों के पकडने मुखबीर लगाये गये है।

इसी क्रम में दिनांक 07.10.2024 को प्रार्थी किशोर सामतानी निवासी विजय शॉप गली फाफाडीह थाना गंज रायपुर ने रिपोर्ट दर्ज कि वह अपने पत्नि बच्चों के साथ गांधी उद्यान सिविल लाईन मार्निंग वॉक में गया था, वापस लगभग 09.30 बजे वापस आया तो देखा कि घर के मेन दरवाजा में ताला लगा था।

साईड दरवाजा खुला हुआ था रूम अंदर जाकर देखा तो आलमारी का दरवाजा खुला था सामान अस्त व्यस्त था आलमारी एवं बैग को चेक करने पर बैग में रखे 1,35,000/- रूपयें नहीं था, कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण में माल मुल्जिम पता तलाश दौरान प्रार्थी के घर के सामने स्थित मकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन किया गया जिसमें एक महिला उम्र लगभग 25 से 30 साल गुलाबी कलर की सलवार सूट पहनी लगभग 08.00 बजे प्रार्थी के मकान में घुसते एवं निकलते दिखने पर संदेही/आरोपी महिला का हरसंभव पता तलाश कर पकड़ा गया,

आरोपिया के कब्जे से चोरी की रकम 12 हजार रूपयें एवं चोरी के रकम से खरीदे गये दो बैग एवं कपडा आदि को जप्त किया गया। आरोपिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। संपत्ति संबंधी अपराधों में अपराधियों की पता तलाश कर उसके के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही लगातार की जा रही है। गिरफ्तार आरोपिया- 01. श्रेया गुप्ता पति संजय गुप्ता उम्र 22 साल पता बुधवारी बाजार नवीन कालोनी परमहंस वार्ड मुंगेली थाना सिटी कोतवाली मुंगेली जिला मुंगेली (छ0ग)।

# निर्माणाधीन टंकी से सेंट्रिंग प्लेट हटी नहीं और टेस्टिंग के लिए पहुंच गए अफसर

## गुणवत्ता को लेकर आशंकित ग्रामीणों ने नहीं करने दिया टेस्ट, एक पानी टंकी यहां पहले ही हो चुकी है खराब

भास्कर दूत



**बालोद।** जल जीवन मिशन योजना का विभाग के अफसर और ठेकेदार किस तरह पलीता लगा रहे हैं इसका अंदाजा ग्राम पंचायत दुधली में बन रही पानी टंकी को देखकर लगाया जा सकता है। यहां 2 साल से कछुए की चाल से पानी टंकी बन रही है। वर्तमान में टंकी में सेंट्रिंग प्लेट लगी हुई है और दूसरी ओर विभाग के अफसर टेस्टिंग के लिए पहुंच गए। जानकारी मिलने पर पूरा गांव इकट्ठा हो गया और अफसरों को घेर लिया। ग्रामीणों ने कहा कि जो पानी टंकी 2 साल से बिना पानी तराई के बन रही है और जिसकी अभी सेंटरिंग भी नहीं खुली है उसकी गुणवत्ता की गारंटी अफसर लिख कर दें, तभी हम टेस्टिंग करने देंगे। ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद अफसरों को बिना टेस्ट किए बैरंग लौटना पड़ा। विभाग व ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने अब सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुंचने की मानसिकता बना ली है।

बालोद जिले के ग्राम पंचायत दुधली में 114.22 लाख की लागत से 29 जनवरी 2022 को पानी टंकी का निर्माण ब्रिज कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी द्वारा शुरू हुआ। जल जीवन मिशन योजना के तहत बन रही पानी टंकी को लेकर शुरू से ही ठेकेदार की लापरवाही रही। निर्माण की गति धीमी रही लिहाजा 9 महीने में जिसे पूरा हो जाना था आज 2 साल बाद भी इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। पंचायत द्वारा चार बार कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करने के बाद ले देकर पानी टंकी बनी है। अभी पानी टंकी

,,,बिना पानी तराई के 2 साल से बन रही पानी टंकी के गुणवत्ता की ग्रामीणों ने मांगी गारंटी
,,, ठेकेदार व पीएचई के अफसरों की कार्य प्रणाली पर उठ रहे गंभीर सवाल
,, 2 घंटे तक गरमा गरम बहस के बाद ग्रामीणों के विरोध के चलते बैरंग लौटे अफसर

से सेंटरिंग प्लेट नहीं हटाई गई है इसके अलावा पूरा काम अधूरा है, कई जगहों पर पाइप डालने के लिए गड्ढा खोद दिया गया है लेकिन पाइप नहीं डाला गया है। कई घरों में कनेक्शन भी नहीं दिया गया है। इतना सब होने के बाद विभाग के अफसरों की लापरवाही ठेकेदार से भी ज्यादा सामने आई है। यह जानते हुए कि निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, विभाग के एसडीओ व इंजीनियर मंगलवार को टेस्टिंग के लिए पहुंच गए। सवाल यह उठता है कि पानी की टंकी सही बनी है कि नहीं यह जांच के बिना और पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाए बिना अधिकारी किस चीज की टेस्टिंग करेंगे। बस इसी बात से नाराज ग्रामीणों ने अफसरों को घेर लिया और पूरे डेढ़ घंटे तक अफसरों से सवाल जवाब करते रहे।

### पानी टंकी की गुणवत्ता को लेकर आशंकित हैं ग्रामीण

ग्रामीणों ने अफसरों के सामने पानी टंकी की गुणवत्ता को लेकर आशंका जताई। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार द्वारा शुरुआत में चार महीने तक काम किया गया।फिर निर्माण अधूरा छोड़कर गायब हो गया। इस दौरान ना पानी टंकी में पानी की तराई की गई और ना ही उसकी सही तरीके से देखरेख की गई। इसके बाद अचानक डेढ़ साल बाद ठेकेदार पहुंचा और बाकी निर्माण को भी पूरा कर दिया। आज भी पानी टंकी पूर्ण रूप से नहीं बनी है। जब तक पानी टंकी से सेंटरिंग प्लेट नहीं निकल जाती और पानी टंकी सही है या नहीं इसकी गुणवत्ता की जांच नहीं हो जाती तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि पानी टंकी सही बनी है।ग्रामीणों ने कहा कि हमें आशंका है कि पानी टंकी सही नहीं बनी है। अब अधिकारी इसकी जांच कर लें और कब तक पानी टंकी चल सकती है यह लिखित में दे दें तो हम इसे स्वीकार कर लेंगे।

### ग्रामीणों की दलील के सामने बेबस नजर आए अफसर



पानी टंकी की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का विरोध ऐसा ही नहीं था। पूरे सबूत के साथ ग्रामीणों ने अफसरों के सामने दलील पेश की।ग्रामीणों का कहना था कि पहले पानी टंकी सही बनी है नहीं यह आप जांच कर लें। इसके बाद पाइपलाइन पूरी तरह बिछी है कि नहीं इसकी जांच कर लें और जब सब सही हो तो इसके बाद टेस्टिंग कर ली जाए, क्योंकि पानी टंकी में अभी भी सेंटरिंग प्लेट लगी हुई है, कई जगहों पर पानी टंकी के लीकेज होने की समस्या आई है। इसलिए ग्रामीणों की दलील जायज थी। यही वजह है कि अफसर भी उनकी दलील के सामने बेबस नजर आए और उन्हें बिना टेस्ट किए लौटना पड़ा। टेस्टिंग में एसडीओ पीएचई विभाग नितिन ठाकुर, सब इंजीनियर तेजराम सिन्हा, ठेकेदार हनी बंसना, सरपंच, उप सरपंच व ग्रामीण घनश्याम, चुन्नीलाल, रमेश देशमुख, चिमनलाल, कृष्ण रामटेके सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### भुक्तभोगी हैं ग्राम दुधली के लोग

ज्ञात हो कि इससे पहले जल योजना के तहत ग्राम दुधली में एक पानी टंकी का निर्माण किया गया था, जो ठेकेदार एवं विभाग की लापरवाही के चलते 6 महीने में ही डिस्मेंटल की नौबत आ गई। ग्रामीणों ने बताया कि उस समय भी ठेकेदार द्वारा इसी तरह की ही लापरवाही बरती गई थी। जब टंकी की जांच की गई तो उसे गुणवत्ताहीन पाया गया। यही वजह है कि ग्रामीण इस बार यह गलती नहीं दोहराना चाहते। विभाग व ठेकेदार के लापरवाही के कारण आज तक दुधली के ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### दुर्गा समिति की बांस बल्ली जला डाले ठेकेदार के वर्कर

2 साल से निर्माणाधीन पानी टंकी के ठेकेदार के वर्करों को रहने के लिए बाजू में स्थित भवन को दिया गया था। इसी भवन के एक तरफ दुर्गा समिति की सेंटरिंग की लकड़ी, बांस, बल्ली, प्लेट रखी हुई थी। हर वर्ष नवरात्रि के समय इन्हीं लकड़ी से पंडाल बनाया जाता था। यहां रहने वाले ठेकेदार के कर्मी लड़कियों को जलाकर खाना बनाते थे। किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया अब जब दुर्गा पंडाल बनाने की बारी आई तब लोगों ने देखा कि सारी लकड़ी गायब है। मजबूरी में ग्रामीणों को 9000 रुपए खर्च कर पंडाल बनाना पड़ा। इसे भी लेकर ग्रामीणों में रोष नजर आया।

ग्राम दुधली में जनवरी 2022 से टंकी निर्माण प्रारंभ हुआ है लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य को अधूरे छोड़कर बंद कर दिया है। बनते समय इंजीनियर देखने तक नहीं पहुंचे जिसके लिए मैं कलेक्टर जनदर्शन में चार बार आवेदन दे चुका हूं। इंजीनियर, एसडीओ सहित ठेकेदार गांव में पहुंचे हैं मैंने इंजीनियर को पहली बार देखा है। गुणवत्ता को लेकर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं।

**मो फिरोज तिगाला**
**सरपंच ग्राम पंचायत दुधली**

टंकी निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। निर्माण के समय पानी तराई नहीं किया गया जिससे चलते की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। टंकी निर्माण कार्य हो रहा है वहां पर अभी तक सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। इसी का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

- पावेंद्र देशमुख
उप सरपंच
ग्राम पंचायत दुधली

पानी टंकी निर्माण कार्य को टेस्ट करने के लिए विभाग के इंजीनियर एसडीओ ग्राम में पहुंचे थे, लेकिन ग्रामीणों ने एसडीओ से कहा कि कार्य प्रारंभ करने के लिए इंजीनियर गुणवत्ता को लिखित में देंगे तभी कार्य प्रारंभ होगा।

- राजकुमार प्रभाकर
जनपद सदस्य
जनपद पंचायत डौंडीलोहारा

ठेकेदार का वर्कर भवन पर किराए पर रहते थे, वहां दुर्गा समिति की सेंट्रींग लकड़ी रखी थी जिसे वर्करों द्वारा खाना बनाने के लिए उपयोग कर लिया गया। अब हमें किराए से 9 हजार रुपए की सेंट्रींग लकड़ी मंगानी पड़ी, जिसके लिए ग्रामीण ठेकेदार के ऊपर काफी नाराज हैं।

**- ढाल सिंह देशमुख**
**ग्रामीण ग्राम दुधली**

# भूतों की वेशभूषा में सज-धज कर और लोक संगीत की धुनों पर थिरके







भास्कर दूत

**खरोरा ।** बाबा न्यूज़ द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम के तीसरे दिन हॉरर थीम रखा गया । फुल ड्रेसअप, मेकअप में गरबा करने के लिए पार्टीसिपेंट्स पहुंचे। कहीं तालियों से तो कही डांडियों से भारतीय परंपरागत गीतों के साथ गरबा नृत्य की शुरुआत हुई।

बॉलीवुड मिक्स संगीत ने गरबों में खूब जोश व उमंग भर दिया।

जहाँ कोई शक्तिमान सीरियल के किरदार तमराज किलविस बने हुए नजर आया तो कोई जोम्बी और कई लोगो ने प्रेत का रूप धारण किया वही शीर्ष के तीन प्रतिभागी को समिति के तरफ से उपहार दिया गया. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, हरीश देवांगन, पार्षद भरत कुम्भकार मौजूद रहे

# प्रकाश साहू ने ग्रहण किया उपाध्यक्ष का पदभार

भास्कर दूत



**बालोद।** डौंडीलोहारा तहसील के बड़गांव परिक्षेत्र से आने वाले ग्राम खैरा निवासी प्रकाश साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई. टी. प्रकोष्ठ) दुर्ग संभाग के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर प्रदेश अध्यक्ष श्री टहलसिंह साहू द्वारा नियुक्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम 6 अक्टूबर को रायपुर के कर्मा धाम, कृष्णा नगर में सम्पन्न हुआ ।जिसमे सभी पदाधिकारियों को बिना किसी भेद भाव के समाज हित मे कार्य करने तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।तत्पश्चात अतिथियों द्वारा उत्बोधन सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा तथा युवाओं में बढ़ते नशाखोरी को रोकने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने की। विशिष्ठ अतिथि कसडोल विधायक व साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के राष्टीय अध्यक्ष संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू,समस्त प्रदेश पदाधिकारीगण, समस्त प्रदेश संयोजकगण, जिला अध्यक्षगण, तहसील अध्यक्षगण व आई. टी. प्रकोष्ठ के समस्त ऊर्जावान पदाधिकारियों की उपस्थिति में सफलता पूर्वक शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। श्री प्रकाश साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आई टी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक द्वारिका प्रसाद साहू , दुर्ग संभाग अध्यक्ष परमानंद साहू और सभी पदाधिकारियो का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाजपा नेता देवलाल ठाकुर के रेफरल कोड से जुड़े 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता व जनसेवक डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र देवलाल ठाकुर की लोकप्रियता शुरुवात से ही देखी जाती है। जिसका परिणाम वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा सदस्यता अभियान में देखा गया। जिसमे देवलाल ठाकुर ने कुछ ही समय में 10 हजार से अधिक लोगो को अपने रेफरल कोड के माध्यम से जोड़ा है। सबसे बड़ी बात है। कि 10 हजार लोगों में से 7000 से ज्यादा 18 वर्ष के ऊपर के युवाओं को जोड़ा गया है। जो नये मतदाता है। देवलाल ठाकुर भारतीय जनता पार्टी के काफी लोकप्रिय नेता डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में माने जाते है और निरंतर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम है। कि पूरे बालोद जिले में सबसे ज्यादा सदस्यता डौंडीलोहारा विधानसभा में हुवा है। 07/10/2024 तक डौंडी लोहारा विधानसभा में 30381 सदस्य ऑनलाइन बनाये जा चुके हैं। वही संजारी बालोद विधानसभा में 21525 सदस्य व गुंडरदेही






विधानसभा में 20174 सदस्य ऑनलाइन बनाये गए हैं। देवलाल ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार है और विकास के कार्य में भी डबल गति प्रदान हो रही है। डौंडी लोहारा विधानसभा के 270 बूथों पर देवलाल ठाकुर स्वयं रोज के सदस्यता का अपडेट भाजपा कार्यकर्ताओं से लेते है। और ज्यादा लोगो को कैसे भाजपा से जोड़ा जाये इसके लिए हर दिन रात को अपनी टीम के साथ बैठकर अगले दिन की कार्ययोजना तैयार करते है। लगातार 1 माह से सिर्फ सदस्यता अभियान में फोकस कर रहे। देवलाल ठाकुर सहज सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं और वह लगातार अपने क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। साथ ही लगातार अन्य समाज के साथ साथ आदिवासी समाज को भाजपा से जोड़ने का काम कर रहे।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर लगाया लाश को ठिकाने, ससुराल पक्ष को कर रही थी गुमराह

## गुमशुदगी दर्ज के बाद पुलिस ने मामला का किया खुलासा

भास्कर दूत





**मैनपुर।** जिले के शोभा थाना क्षेत्र में पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने का मामला सामने आया है, पति की हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के बाद पत्नी अपने ससुरालवालों को गुमराह कर रही थी,मामले में गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में पत्नी और उसके प्रेमी का कारनामा उजागर हो गया, अब पत्नी जहां जेल में सलाखों के पीछे है, तो वहीं उसका प्रेमी फरार है ।ढोल सराई निवासी 33 वर्षीय रोहित मरकाम का साल भर पहले पेंड्रा के समारी बाई से विवाह हुआ था, पत्नी घर की इकलौती बेटी थी, ससुर नहीं होने की वजह से रोहित अपने ससुराल में घरजमाई बनकर रहता था, अगस्त महीने में नवाखाई के दौरान जब बेटा घर नहीं पहुंचा तो पिता पुनीत राम ने बहू से जानकारी ली। बहू ने पति के कमाने के लिए आंध्रप्रदेश जाने की बात कहते हुए गुमराह किया ।लेकिन पिता का मन नहीं मान रहा था। आखिरकार गांव वालों से रायशुमारी के बाद दो दिन पहले उसने शोभा पुलिस में बेटे की गुमशुदगी की सूचना दी,पुलिस ने जब पतासाजी शुरू किया तो पत्नी समारी बाई के जवाब से कई सवाल खड़े होने लगे, इस पर पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने प्रेमी के साथ मिलकर न केवल हत्या की बात बताई, बल्कि वह स्थान भी बताया, जहां लाश को ठिकाने लगाया गया था। सुमारी बाई ने पहले पेंड्रा में घर के पीछे का स्थान दिखाया, जहां शव को पहले दफनाया था, फिर उसके बाद उसने 20 किमी दूर नेशनल हाइवे पर पड़ने वाले नाला का वह स्थान भी दिखाया,जहां उसने अपने आशिक के साथ मिल सप्ताह भर पहले लाश को दूसरी बार ठिकाने लगाया था,मैनपुर तहसीलदार रमाकांत केवर्त और बीएमओ गजेंद्र नेगी को लेकर पुलिस ने मौके से शव खनन के बाद बिसरा को सुरक्षित रखकर शव का परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया। मैनपुर एसडीओपी बाजीलाल सिंह ने बताया कि आरोपी महिला ने 15 जुलाई को पति की हत्या करना बताया है। लोहे के रॉड से शरीर व सिर में कई जगह वार किया गया था। पुलिस पूछताछ में बताया गया कि प्रेमी के साथ अवैध संबंध की जानकारी लगी तो उसे रास्ते से हटाने के लिए हत्या किया, महिला को पुलिस हिरासत में ले लिया है,आरोपी प्रेमी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बनने पर विजय बघेल को दी बधाई



**बालोद।** स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति, छत्तीसगढ़ की टीम ने दुर्ग सांसद विजय बघेल को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का उपाध्यक्ष बनने की बधाई दी। तत्पश्चात दुर्ग सांसद विजय बघेल ने स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा करते हुए, स्वच्छता एंव पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रशंसा पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल, प्रदेश सचिव आशीष दिल्लीवार, प्रदेश संयुक्त सचिव सुरेंद्र कुमार साहू, प्रभारी कुंवर सिंह देशमुख, भानुसिंह साहू, उमेद साहू, रामगोपाल साहू,चंद्रहास चंद्राकर, भानुशंकर बेलचंदन, बालूराम वर्मा, मुक्तानंद वर्मा, शिव कुमार शुक्ला शामिल हुए।

### समय सीमा में करें प्रकरणों का निराकरण, प्रधानमंत्री आवास के कार्यों में लाएं तेजी - जिलाधीश

**बलौदाबाजार-भाटापारा-** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने केंद्रीय और राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों से पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। श्री सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, और इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली और सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण जल्द से जल्द कर जिला कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर हो जाना चाहिए और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण (स्वामित्व) जैसे योजनाओं की भी समीक्षा की गई। इस बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित थे।




### विशेष पिछड़ी जनजाति कमार गांव दलदली में जल जीवन मिशन का मिल रहा लाभ

लोगों को लम्बी दूरी तय किये बिना घर में ही मिल रहा पीने का पानी



**गरियाबंद ।** विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बहुल ग्राम पंचायत महुआभाठा के आश्रित ग्राम दलदली जिला मुख्यालय से लगभग 35 कि.मी. दूर वनों के बीच स्थित है। जहां जनजाति सदस्य आजीविका के लिए मुख्य रूप से वनोपज पर निर्भर रहते हैं। ग्रामीण मौलिक सुविधा पेयजल के लिए दूर दराज़ से पानी लाकर अपनी एवं परिवार की जरूरतें पूरी किया करते थे। सरकार के जनहितैषी योजना जल जीवन मिशन ने दलदली गांव के घरों तक नल जल कनेक्शन पहुंचा दिया है। लोगों को जल जीवन मिशन का लाभ मिल रहा है। दलदली के ग्रामीणों को अब पानी लाने के लिए लम्बी दूरी नहीं करना पड़ता है। घर में लगे नल जल कनेक्शन से घर पहुंच पीने के पानी की सुविधा मिल रही है। पेयजल कनेक्शन मिलने से ग्राम की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए सरकार का आभार जता रहे है। ग्राम की दीपा बाई खुशी-खुशी जल जीवन मिशन के द्वारा नल लग जाने पर अपनी श्रमिक योग्यता का सदुपयोग करते हुए अब घर की आय में बढ़ोतरी कर पा रही है। बच्चे भी अब शिक्षा की ओर ध्यान दे पा रहे है। विभाग से आये लोगों एवं स्कुल से स्वच्छता के बारे में जान कर अब उन विधियों को अपनाते हुए ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सुधार आया है।

# अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर ने कुचला, 8 वर्षीय मासूम की मौत, परिजन आक्रोशित

**बलौदाबाजार/पलारी।** अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर की चपेट में आकर 8 वर्षीय कार्तिक घृतलहरे की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा पलारी विकासखंड के ग्राम मुढ़ियाडीह से रेत लेकर आ रही ट्रैक्टर द्वारा ग्राम खैरी में हुआ। घटना के बाद परिजनों ने खनिज और वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। गुस्साए परिजन अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं और शव को उठाने से इनकार कर रहे हैं।

पलारी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मौके पर पहुंचकर पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी हुई है। इस घटना के बाद से गांव के लोग भी काफी आक्रोशित हैं। बताया जा रहा है कि मुड़ियाडीह रेत घाट को स्थानीय पंचायत और गांव के कुछ युवक मिलकर चला रहे हैं, जो अवैध रूप से रेत निकालकर उसे बेचने का काम कर रहे हैं। इस गतिविधि के चलते गांव के लोग काफी नाराज हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।




इस हादसे ने एक बार फिर खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है। विभाग पर हमेशा खानापूर्ति की कार्रवाई करने का आरोप लगता रहा है, लेकिन आज इस लापरवाही के कारण एक मासूम बच्चे को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। अवैध रेत खनन न केवल पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहा है। इस मामले में प्रशासन को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## संपादकीय

# हर नाकामी आपको कामयाबी की अहमियत बताती है

वाशु भगनानी और जैकी भगनानी पर अनेक लोग उन भुगतान नहीं करने के आरोप लगा रहे हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' को इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप माना गया है। यह इन्हीं पिता-पुत्र की फ़िल्म थी जो हिंदी की सबसे महंगी फ़िल्मों में गिनी जाती है। इसे बनाने पर 350 करोड़ रुपए खर्च हुए, मगर बॉक्स ऑफ़िस पर 100 करोड़ तक पहुंचने में इसका दम फूल गया। उसके बाद से ही भगनानी परिवार पर आरोपों का सिलसिला शुरू हो गया। निचले स्तर के वर्करों से लेकर इस फ़िल्म के निर्देशक अली अब्बास ज़फ़र तक ने कहा कि उनके पैसे नहीं चुकाए गए हैं।

### परदे से उलझती ज़िंदगी

दिनेश विजन की 'स्त्री-2' अंधाधुंध नहीं चली होती तो हिंदी फ़िल्मों के डिस्ट्रीब्यूटरों और मल्टीप्लेक्स वालों में मुर्दनी सी छायी हुई थी। छिटपुट सफलताओं को छोड़ दें तो कई महीने से ज़्यादातर फिल्में फ़्लॉप हो रही थीं और हताशा बढ़ा रही थीं। अब स्थिति कुछ बदली है, मगर अभी भी, यानी 'स्त्री-2' की अप्रत्याशित कामयाबी के बावजूद 2024 का साल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में पिछले साल से बहुत पीछे है। अगले तीन महीनों में कई बड़ी फिल्में रिलीज़ होने को हैं जिनसे इसकी भरपायी की उम्मीद की जा रही है, लेकिन कौन जानता है कि वे आंकड़ों को सुधारेंगी या और बिगाड़ देंगी। किसी उद्योग के वास्तविक हालात कभी भी उसके शीर्ष या ऊपरी परत के चेहरों की चमक से नहीं आंके जा सकते। असलियत तो उसके निचले पायदानों पर खड़े लोगों से ही पता चल सकती है। हर उद्योग में ये चेहरे पीछे छिपे होते हैं। किसी फिल्म के पिट जाने पर भी आप उसके हीरो, हीरोइन, निर्माता, निर्देशक आदि को हंसते-मुस्कुराते फ़िल्म की नाकामी या अपनी अगली फ़िल्म के बारे में मीडिया से बात करते देखते हैं। मगर ज़रूरी नहीं कि उसी फ़िल्म के निर्माण में शामिल रहे निचले स्तर के लोगों के लिए इस तरह मुस्कुराना इतना आसान हो।

कई प्रोडक्शन हाउस हैं जो दिहाड़ी वाले वर्करों या छोटे-छोटे अनुबंध वाले लोगों का पैसा, 'बस दो-चार दिन में देते हैं' कह कर वैसे भी टालते रहते हैं। और अगर फ़िल्म रिलीज़ होने तक उन्हें पैसा नहीं मिला और फ़िल्म फ़्लॉप हो गई तब तो उनका भुगतान महीनों तक खिसक सकता है। कमाल यह है कि उनका मेहनताना सबसे कम होता है, मगर सबसे ज़्यादा ख़तरा उसी पर मंडराता है। कहने को इंडस्ट्री में इन लोगों की भी तरह-तरह की एसोसिएशनें हैं जो उनके लिए लड़ने का दावा करती हैं। लेकिन अगर आप ढूंढ़ने निकलें तो एक-एक करके सैंकड़ों ऐसे लोग मिल जाएंगे जिनका पैसा महीनों या सालों से लटका है या फिर जिसकी आस भी उन्होंने छोड़ दी है। मुंबई में लगभग साढ़े पांच लाख लोग फ़िल्म उद्योग से जुड़े बताए जाते हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या इन्हीं वर्गों के लोगों की है। हमारे कई गंभीर फ़िल्म पत्रकार, जिनकी संख्या बहुत कम बची है, अक्सर शिकायत करते हैं कि इंडस्ट्री में कुछ ऐसे लोग हैं जिनकी प्रतिबद्धता फ़िल्मकारिता के प्रति नहीं है। वे अक्सर घटिया किस्म की फ़िल्में बनाते रहते हैं जो अधिकतर पिटती रहती हैं। फिर भी उनका फ़िल्म बनाना रुकता नहीं। कई बार तो संदेह होता है कि उनके पास इतना पैसा कहां से चला आ रहा है या फ़िल्में पिटने के बावजूद वे इतना पैसा क्यों खर्च किए जा रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों के संबंध विदेशों से भी रहते हैं। वैसे यह कोई नई या आज की बात नहीं है। बिल्डर और ब्रोकर किस्म के लोग तो आज़ादी के पहले से फ़िल्म निर्माण में कूदने लगे थे और उसके बाद भी लगातार रहे हैं। हमारे यहां बनने वाली फ़िल्मों की गिनती और उनमें घटिया फ़िल्मों का प्रतिशत बढ़ाने में सबसे बड़ा हाथ इन्हीं लोगों का रहा है।

# हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की छिड़ी हुई है चर्चा



कमलेश पांडे

हरियाणा की चुनावी परीक्षा में बीजेपी जहां 48 सीटें जीतकर पास हो गई, वहीं कांग्रेस को उम्मीदों से कम सीटें महज 37 मिलीं। वहीं, इंडियन नेशनल लोक दल को मात्र 2 सीटें मिलीं, जबकि 3 सीटें निर्दलीय प्रत्याशी जीत ले गए सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सूबे में सत्ताधारी पार्टियों के बी टीम के रूप में काम कर रहीं आम आदमी पार्टी, जननायक जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी आदि को बेहद खराब अंक मिले।

हां, इन्होंने राज्य में कांग्रेस के बढ़ते ग्राफ को थामने में भाजपा की अंदरखाने से मदद की, ताकि भविष्य में कोई भी मजबूत विपक्षी दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सके। इस अप्रत्याशित चुनाव परिणाम से जहां भाजपा की बांछें खिल गईं, वहीं कांग्रेस के सियासी हौसले लगातार तीसरी बार पस्त पड़ गए। इस बार तो वह जीती हुई बाजी हार गई। इससे यह साबित हो गया कि अब वह पूरी तरह से परजीवी पार्टी बन गई है। क्योंकि हरियाणा में भी अकेले थी तो हार गई। यही वजह है कि हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की चर्चा हर ओर छिड़ी हुई है। देखा जाए तो हरियाणा में कांग्रेस को शिकस्त देकर भाजपा ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि चुनावी रणनीति बनाने में उसके रणनीतिकारों की कोई तोड़ नहीं। हां, इतना जरूर है कि जब कभी भी और जहां कहीं भी वह हारती है तो अपनों की भीतरघात की वजह से और जहां कहीं भी ताल ठोंक कर जीतती है तो आरएसएस के वरदहस्त और अपने कार्यकर्ताओं के अतिउत्साह के चलते, जो हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं। और अब जिस तरह से प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा करार दिया है, वह भी उसपर भारी पड़ने वाला है। जिस तरह से भारत के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और सामाजिक तानेबाने को कमजोर करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिशें हो रही हैं, उसके मुताल्लिक पीएम मोदी की बातों में दम




> हरियाणा में मिली अप्रत्याशित बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों के लिहाज से भी एक शुभ संकेत जैसा ही है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव से होगी। फिर दिल्ली भी इससे प्रभावित होगी, क्योंकि उसके चारों ओर कमल खिला हुआ है।

है। निःसन्देह कांग्रेस उसी मुस्लिम लीग की ट्रू कॉपी बनती जा रही है, जिसके प्रतिरोध स्वरूप उसने राष्ट्र विभाजन तक को स्वीकार किया था।

सच कहूं तो हरियाणा के मामले में चुनावी पंडित जिस तरह से गच्चा खा गए, उससे फिर यह बात स्पष्ट हो गई कि राजनीति में दो जोड़ दो बराबर चार समझने की भूल कभी नहीं करनी चाहिए और जो ऐसा करते हैं, सियासत के हाशिये पर चले जाते हैं हुड्डा-शैलजा सरीखे अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह! जानकारों के मुताबिक, हरियाणा में हैट्रिक लगाते हुए भाजपा वहां तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। आम चुनाव 2024 में कांग्रेस गठबंधन को मिली तात्कालिक अप्रत्याशित सफलता की बात यदि छोड़ भी दी जाए तो हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, गुजरात आदि के बाद हरियाणा भी एक ऐसा राज्य बन चुका है, जहां पर बीजेपी ने अपने मजबूत चुनावी प्रबंधन से विरोधी पार्टियों के मंसूबे ध्वस्त कर दिए। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मूकश्मीर जैसे राज्यों में भी उसकी स्थिति सुधरी है। हरियाणा में जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी के बावजूद बीजेपी का तीसरा बार जीतना बहुत मायने रखता है। क्योंकि उसकी जीत अब इस बात को स्पष्ट करती है कि एससी-ओबीसी मतदाताओं को खींचने में कामयाब रही। भले ही चुनाव नतीजों से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी और यहां तक कहा गया था कि किसान, जवान और पहलवान बीजेपी से नाराज हैं। इसलिए उससे सत्ता छिन जाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री सैनी के आत्मविश्वास के चलते जो असल नतीजे आए, उससे कहानी बिल्कुल पलट गई है। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई। कुरुक्षेत्र वाले भूभाग में कौरवों सरीखी कांग्रेस हार गई। बीजेपी ने गत लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए गैर जाट मतदाताओं को गोलबंद करने का काम किया और अपनी रणनीति में वह कामयाब हो गई। खासकर एससी और ओबीसी समुदाय से आने वाले मतदाताओं पर उसने फोकस किया और उनको अपनी तरफ खींचने में कामयाब रही। वहीं, चुनाव से ठीक पहले बीजेपी की सीएम बदलने वाली रणनीति भी गुजरात की तरह ही कामयाब रही। क्योंकि नायब सिंह सैनी, ओबीसी समुदाय से आते हैं, जिनको सीएम बनाने से ओबीसी मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश गया।

वहीं, ओबीसी रणनीतिकार दिलीप मंडल को मलाईदार पद देने के बाद उनके समर्थकों ने भी कमल खिलाने का काम किया। भले ही हरियाणा में जाट मतदाताओं का वोट बैंक बहुत बड़ा है जिनके समर्थन पर कांग्रेस काफी निर्भर रही है, लेकिन उनमें भी दरार डालने में भाजपा सफल रही। जाट मतदाता कितने शक्तिशाली हैं, इसका अंदाजा इस बात से मिलता है कि राज्य में जाट समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री लगभग 33 साल तक शासन कर चुके हैं। हालांकि, वर्ष 2014 में, जब बीजेपी सत्ता में आई तो कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा को जाना पड़ा, जो

> वर्ष 2014 में, जब बीजेपी सत्ता में आई तो कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा को जाना पड़ा, जो जाट समाज से ही आते हैं। क्योंकि बीजेपी ने तब मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाया जो एक पंजाबी खत्री समुदाय से सम्बन्धित हैं। जब 2019 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो उसने जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का समर्थन लिया था, जो एक महत्वपूर्ण जाट नेता हैं। बीजेपी के लिए यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि उसके खिलाफ यहां तगड़ी एंटी इनकंबेंसी लहर थी। जिससे पार्टी भी वाकिफ थी।

जाट समाज से ही आते हैं। क्योंकि बीजेपी ने तब मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाया जो एक पंजाबी खत्री समुदाय से सम्बन्धित हैं। जब 2019 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो उसने जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का समर्थन लिया था, जो एक महत्वपूर्ण जाट नेता हैं। बीजेपी के लिए यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि उसके खिलाफ यहां तगड़ी एंटी इनकंबेंसी लहर थी। जिससे पार्टी भी वाकिफ थी। इसलिये अंतिम समय में पार्टी ने नेतृत्व परिवर्तन किया और मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया।

# योगी ने हरियाणा में बदल दिये नतीजे तो पार्टी में बढ़ा कद

योगी आदित्यनाथ एक बार फिर से बीजेपी के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में पांच क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया, जिसमें से चार सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। इसी तरह उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रचार किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर बीजेपी के अंदर अपनी ताकत का अहसास करा दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी को लगातार तीसरी बार मिली जीत के हीरो बनकर उभरे हैं योगी। योगी ने हरियाणा में कुल 14 विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं की जिसमें से 09 सीटों पर बीजेपी को हासिल हुई। यह स्ट्राइक रेट 70 फीसदी के करीब बैठता है जबकि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कुल 08 जनसभाएं कि जिसमें से कांग्रेस को मात्र दो सीटों पर ही जीत हासिल हो पाई। बीजेपी की जीत में वोटिंग प्रतिशत का



बढ़ना भी अहम रहा। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव के समय हरियाणा में थोड़ी कमजोर नजर आ रही बीजेपी को सही मौके पर यहां के वोटरों ने बूस्टर डोज दे दी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में 48 सीट जीतकर भाजपा सत्ता बरकरार रखने में कामयाब हुई, जबकि कांग्रेस को 37 सीट पर जीत मिली है। खासकर योगी के बटोगे तो कटोगे वाले बयान ने भी योगी की जीत में अहम भूमिका निभाई। कहने का तात्पर्य यह है कि सीएम योगी एक बार फिर से बीजेपी के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में पांच क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया, जिसमें से चार सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। इसी तरह उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रचार किया। राज्य की 14 विधानसभा सीटों पर वह चुनाव प्रचार करने गए, जिसमें से बीजेपी ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की जो यह बताने के लिये काफी है कि हरियाणा में बीजेपी का हिन्दुत्व का कार्ड तो खूब चला, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस का संविधान बचाओं का ढोंग और हिन्दुओं को जातियों में बांट कर हिन्दू वोटों में डिवीजन की साजिश परवान नहीं चढ़ पाई। योगी ने हरियाणा में चार दिन और जम्मू-कश्मीर में दो दिन प्रचार किया। सीएम योगी ने 22 सितंबर को नरवाना, राई और असंध सीट पर चुनाव प्रचार किया।। इन तीनों ही सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। इसके बाद 28 सितंबर को मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद, रादौर, जगाधरी और अटेली सीटों पर प्रचार किया इन सभी सीटों पर भी बीजेपी जीती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 30 सितंबर को बवानी खेड़ा में चुनावी जनसभा की थी। इस सीट पर भी बीजेपी ने जीत दर्ज की है। तीन अक्टूबर को उन्होंने सफीदों में जनसभा की, यहां बीजेपी ने जीत दर्ज की है।

- संजय सक्सेना

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा।

**वृषभ**
आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

**मिथुन**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जाएंगे।

**कर्क**
आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे, उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

**सिंह**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

**कन्या**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। मेडिकल स्टोर वालो को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**तुला**
आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**वृश्चिक**
आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। व्यापार को बढाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा। मिल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

**धनु**
आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

**मकर**
आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा, लोग आपकी तारीफ़ करेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कार्यो से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे, बड़ो की राय बेहतर साबित होगी। सामाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज आपके परिवार में सौहार्द बना रहेगा।

**मीन**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपके जरूरी कार्य पूरे हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा।

## मतदाता एक दिन का राजा

एक मतदान के पावन दिन
लगाकर कपड़ों में चमकदार रिन
एक पार्टी के उम्मीदवार
लगते थे मानो है सूबेदार,
बिना लंबा भाषण गाये
मुस्कुरा कर मेरे पास आए,
बोले-
कृपया अपने मताधिकार का लोकतंत्र के हथियार का
भरपूर करें प्रयोग
दिमाग का करें उपयोग
आप एक दिन के हैं राजा
लोकतंत्र के हैं महाराजा
बाद के पांच वर्षों में प्रतिदिन
आपकी इच्छाओं का
बजने वाला है बाजा,
यही लोकतंत्र का है मजा
गलत उम्मीदवार को चुनोगे
तो आगे पाओगे बड़ी सजा
हमने पूछा
यह क्या होता है लोकतंत्र
वह जोर-जोर से हंसे बोले
यह है अलौकिक तंत्र
और है प्रजातंत्र का मंत्र।
मिलता है मतदाता को
वोट देने का
बस एक दिन का अधिकार
मतदान करने जाता सपरिवार,
आगामी पांच साल कोसता है
बाद मेंअपनी किस्मत
को जार-जार रोता है
पूरा का पूरा परिवार
यही तो रहता है
एकदिन के मतदान का शाहकार,
बाकी दिनों जनता
मचाती खूब हाहाकार,
यही है लोकतंत्र का अधिकार।
अब समझ जाओ कितना
तुम्हारे पास है
बड़ा लोकतंत्र का यह अधिकार।

**संजीव ठाकुर,**
**रायपुर छत्तीसगढ़**

# स्वर्ण ऋण के प्रति बढ़ता भारतीयों का रुझान

भारत में सामान्यजन के पास स्वर्ण के रूप प्रतिभूति उपलब्ध रहती है अतः स्वर्ण ऋण बहुत अधिक चलन में आ रहा है। विशेष रूप से गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा ऋण की प्रतिभूति के विरुद्ध स्वर्ण ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी देश के आर्थिक विकास को गति देने हेतु पूंजी की आवश्यकता रहती है। तेज आर्थिक विकास के चलते यदि किसी देश में वित्तीय बचत की दर कम हो तो उसकी पूर्ति ऋण में बढ़ोत्तरी से की जा सकती है। भारत में ऋण- सकल घरेलू अनुपात अन्य विकसित एवं कुछ विकासशील देशों की तुलना में अभी बहुत कम है। परंतु, हाल ही के समय में भारत का सामान्य नागरिक ऋण के महत्व को समझने लगा है एवं भौतिक संपति के निर्माण में अपनी बचत के साथ साथ ऋण का भी अधिक उपयोग करने लगा है। कुछ बैंक सामान्यजन को ऋण प्रदान करने हेतु प्रतिभूति की मांग करते है। भारत में सामान्यजन के पास स्वर्ण के रूप प्रतिभूति उपलब्ध रहती है अतः स्वर्ण ऋण बहुत अधिक चलन में आ रहा है। विशेष रूप से गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा ऋण की प्रतिभूति के विरुद्ध स्वर्ण ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। भारत में तेजी से बढ़ रहे स्वर्ण ऋण के कारणों एवं कारकों



का वर्णन इस लेख में किया गया है। भारत में वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा 39,687 करोड़ रुपए के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए गए थे, स्वीकृत की जाने वाली यह राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 62,835 करोड़ रुपए हो गई एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में और आगे बढ़कर 79,218 करोड़ रुपए हो गई। गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में स्वर्ण ऋण के मामले में 26 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर हासिल की है जबकि अन्य प्रकार के ऋणों में इसी अवधि के दौरान औसत वृद्धि दर 12 प्रतिशत की रही है। भारतीय नागरिक स्वर्ण ऋण के प्रति बहुत अधिक आकर्षित हो रहे हैं। आज भारत के विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों एवं विभिन्न बैंकों द्वारा भारी मात्रा में स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए जा रहे हैं। अगस्त 2024 माह में बैंकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों ने मिलकर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए 1.4 लाख करोड़ रुपए के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए हैं। आज गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के कुल ऋण में स्वर्ण ऋण का प्रतिशत में हिस्सा सबसे अधिक है, दूसरे स्थान पर स्कूटर एवं चार पहिया वाहनों के लिए प्रदान किए गए ऋणों का ऋण हैं, इसके बाद तीसरे स्थान पर व्यक्तिगत ऋण 14 प्रतिशत के भाग के साथ है एवं इसके बाद जाकर गृह ऋण का नम्बर आता है जो कुल ऋण का 10 प्रतिशत भाग है।

बैकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वर्ण ऋण पर पूंजी पर्याप्तता सम्बंधी शिथिल नियमों का पालन करना होता है। अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में स्वर्ण ऋण पर जोखिम का भार (रिस्क वेट) तुलनात्मक रूप से कम रहता है। इससे बैंक एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियां भी स्वर्ण ऋण प्रदान करने की ओर आकर्षित होते हैं।

-प्रह्लाद सबनानी

## लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए।


वैसे चर्चा पहले से थी, लेकिन अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि मारन को अपना औपचारिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। ठीक उसी तरह जैसे उनके पिता एम। करुणानिधि ने स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। करुणानिधि ने अपनी दूसरी संतानों को भी राजनीति में यथासंभव स्थापित करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाई। उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बना दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे एक स्वाभाविक घटना के रूप में लिया गया है। यहां तक कि अखिलेश यादव सहित कुछ नेताओं ने उदयनिधि को बधाई भी दी है। अखिलेश खुद अपने पिता का उत्तराधिकार संभाल रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब कहानी है। आज देश का नक्शा लेकर राज्य दर राज्य नजर डालिए, तो ऐसे उत्तराधिकारी हर जगह नजर आएंगे! ऐसी घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वैसा गुस्सा नजर नहीं आता, जिसकी कभी कांग्रेस को भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। जब इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में संजय गांधी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाना शुरू किया, तो समाज में उसको लेकर एक तरह की वितृष्णा देखी गई।

## शब्द सामर्थ्य– 396

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



## शब्द सामर्थ्य – 395

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सू–दोकू क्र. 396

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.201 का हल

## सू–दोकू क्र. 395 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

चीन के शेयरों में गिरावट

# आर्थिक प्रोत्साहन से भी निवेशक नहीं हुए खुश, जबकि एशिया के दूसरे बाजारों में तेजी



**बीजिंग** । एशिया के दूसरे बाजारों में तेजी के बावजूद चीन के शेयरों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। चीन ने जो भारी-भरकम प्रोत्साहन पैकेज का ऐलान किया था, बीजिंग में अधिकारियों की ओर से उन योजनाओं का विवरण निवेशकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। नतीजा यह हुआ कि हांगकांग के शेयरों में तेजी और गिरावट के बीच उतार-चढ़ाव रहा, हैंग सेंग इंडेक्स 2. 4 प्रतिशत गिरकर 20,418 पर आ गया। पीटीआई की खबर के मुताबिक, यह गिरावट मंगलवार को 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद आई थी, क्योंकि व्यापारियों ने हाल ही में तेजी के बाद शेयरों को बेच दिया था।

## इंडेक्स हुए धड़ाम

खबर के मुताबिक, आईजी के येप जून रोंग ने कहा कि नए प्रोत्साहन की कमी निराशा का कारण रही है, कई बाजार प्रतिभागियों को उम्मीद थी कि इसकी राजकोषीय नीतियां सितंबर के आखिर में दिए गए वित्तीय बजूका के नक्शेकदम पर चलेंगी, लेकिन मंगलवार की घोषणा में स्पष्ट रूप से कमी थी। शंघाई कंपोजिट 5. 1 प्रतिशत गिरकर 3,311. 02 पर आ गया, जबकि मंगलवार को राष्ट्रीय अवकाश के बाद फिर से खुलने पर इसमें 4. 6 प्रतिशत की तेजी आई थी। शंघाई और शेनझेन बाजारों में कारोबार करने वाले शीर्ष 300 शेयरों पर नज़र रखने वाले सीएसआई300 इंडेक्स में 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई। चीनी शेयरों में भारी गिरावट आई, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि बाजार अब आधे-अधूरे वादों को नहीं खरीद रहा है।

## जापानी बाजार में बढ़त

टोक्यो में, निक्केई 225 इंडेक्स 0.6 प्रतिशत बढ़कर 39,178 पर पहुंच गया। जापानी रिटेलर सेवन एंड होल्डिंग्स के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 10 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई, जब बात सामने आई कि कनाडाई सुविधा स्टोर संचालक एलीमेंटेशन काउच-टार्ड ने अपने अधिग्रहण की बोली में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। आम चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बुधवार को जापान की संसद को भंग किया जाना था। इधर, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0. 2 प्रतिशत बढ़कर 8,189 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया के बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे।

## नैस्डैक कंपोजिट में तेजी

मंगलवार को एसएंडपी 500, 1 प्रतिशत बढ़कर 5,751 पर पहुंच गया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0. 3 प्रतिशत बढ़कर 42,080 पर पहुंच गया। जबकि नैस्डैक कंपोजिट 1. 4 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,182 पर पहुंच गया।

# इस बार दिल्ली की राजनीति का मिजाज कुछ ओर ही है

राजीव दुबे
ब्यूरो दिल्ली
भास्कर दूत

**नई दिल्ली** । आम आदमी पार्टी(आप पार्टी) की जो हार हरियाणा विधान सभा चुनाव में हुई है ।इसका अंदाजा खुद आप पार्टी को नहीं था।चार महीने बाद दिल्ली में होने वाले चुनाव पर हरियाणा की असर दिल्ली विधान सभा चुनाव में देखा जा सकता है ।

भास्कर दूत को भाजपा नेताओं ने बताया कि दिल्ली की राजनीति में बड़ा बदलाव देखा जा सकता है ।क्योकिं जीत का मंत्र देने वाले आप के मुखिया को दो प्रतिशत से कम वोट मिले हैं और 90 सीटों पर अपने किसी भी प्रत्याशी की जमानत तक नहीं बचा पाये हैं ।ऐसे में साफ मैसेज खासकर दिल्ली की जनता में गया है कि अरविंद केजरीवाल का जादू अब कम हो गया है ।

वैसे भी दिल्ली की जनता का मिजाज इस बार कुछ बदलाव की ओर है । जानकारो का कहना है कि अगर दिल्ली मे आप पार्टी और कांग्रेस अगर समय रहते चुनावी गठबंधन करती है तो दिल्ली विधान सभा चुनाव में सफलता मिल सकती है ।अन्यथा इस बार हवा का रख कुछ और ही है ।चुनावी रणनीति कार सुनील मिश्रा का कहना है कि दिल्ली में उन्होंने दिल्ली नगर निगम,दिल्ली विधानसभा और लोकसभा के चुनाव कराये है ।सभी राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति बनाई है ।ऐसे में उन्होंने पाया कि जो पार्टी या प्रत्याशी चुनाव से पूर्व व चुनाव के दौरान सही रणनीति बनाता है या समीकरण बनाने में सफल हो जाता वही जीत हासिल करता है ।

मौजूदा समय की राजनीति तमाम जातीय,धर्म और पूंजीपतियों के हाथों में खेल रही है ।ऐसे में जरा सी राजनीतक चूक हार का कारण बनती है ।

# सोने-चांदी के दाम में उलटफेर



**मुंबई** । सोने और चांदी की कीमत में बुधवार को फिर गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में 760 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट देखी गई। चांदी की कीमत में भी 2000 रुपये प्रति किलो की भारी गिरावट दर्ज की गई है। गोल्ड रिटर्न के मुताबिक, देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 760 रुपये घटकर 76840 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बीते सत्र में यही भाव 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसी तरह, राजधानी में 9 अक्टूबर को चांदी की कीमत 2000 रुपये टूटकर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। दिल्ली में 22 कैरेट सोने का दाम 700 रुपये कम होकर 70,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया।

प्रमुख शहरों में आज सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम)

| शहर | 22 कैरेट | 24 कैरेट |
|---|---|---|
| चेन्नई | 70,300 | 76,690 |
| मुंबई | 70,300 | 76,690 |
| दिल्ली | 70,450 | 76,840 |
| कोलकाता | 70,300 | 76,690 |
| बैंगलोर | 70,300 | 76,690 |
| हैदराबाद | 70,300 | 76,690 |
| पुणे | 70,300 | 76,690 |
| वडोदरा | 70,350 | 76,740 |
| अहमदाबाद | 70,350 | 76,740 |

एमसीएक्स पर भाव चढ़ा

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर 5 दिसंबर के अनुबंध के लिए सुबह 10 बजकर 38 मिनट पर सोना 0.10प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,236 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी एमसीएक्स पर 5 दिसंबर के अनुबंध के लिए इसी अवधि के लिए 0.71प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 89,361 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई।

मंगलवार को रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गई थी कीमत

पिछले सत्र यानी मंगलवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को सोना 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। चांदी 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी अपने रिकॉर्ड स्तर से 400 रुपये गिरकर 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया था।

# आलिया भट्ट की जिगरा का टाइटल ट्रैक आउट, वेदांग रैना ने अपनी आवाज से जीता फैंस का दिल




आलिया भट्ट और वेदांग रैना की आलिया भट्ट की जिगरा 11 अकूटबर को रिलीज होने जा रही है. उसके पहले हाल ही में मेकर्स ने इसका टाइटल ट्रैक रिलीज किया है. जिसे खुद वेदांग ने गाया है. टाइटल ट्रैक एक मोटिवेशनल एंथम है जिसके लिरिक्स वरुण ग्रोवर ने लिखे हैं. टाइटल ट्रैक में वेदांग की आवाज फैंस को काफी पसंद आई और कमेंट सेक्शन तारीफों से भर गया. आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर जिगरा अपनी रिलीज से कुछ ही दिन दूर है. वहीं फिल्म का ट्रेलर और गाने पहले ही दर्शकों के बीच पॉपुलर हो चुके हैं. मकेर्स ने अब वेदांग की आवाज में फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं. गाने में वेदांग को हम एक रॉकस्टार की झलक देते हुए देख सकते हैं वह अपनी मेलोडियस आवाज के साथ दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ रहे हैं. इस गाने के लिरिक्स वरुण ग्रोवर ने लिखे हैं और अचिंत ने इसे कंपोज किया है. गाने पर रिएक्शन देते हुए कई फैंस ने कमेंट सेक्शन में वेदांग की खूब तारीफ की. एक फैन ने लिखा, वेदांग काफी टैलेंटेड है ये अगली पीढ़ी का सुपरस्टार है. एक अन्य फैन ने लिखा, शानदार गीत.. बिना किसी शक के वेदांग बड़े स्टार्स बनेंगे एक ने लिखा, आलिया और वेदांग अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं. एक ने लिखा- वॉव मैं इसका इंतजार नहीं कर सकता. वासन बाला द्वारा निर्देशित, आलिया भट्ट और वेदांग द्वारा निर्देशित जिगरा भाई-बहन की कहानी है।

बघीरा की रिलीज डेट का एलान

# 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में धमाल मचाएगी कन्नड़ स्टार श्रीमुरली की थ्रिलर फिल्म




होम्बले फिल्म्स अपने आगामी फिल्म बघीरा के साथ सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है. मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया है. एक्शन से भरपूर फिल्म इसी साल अक्टूबर में रिलीज हो रही है. इस फिल्म में कन्नड़ स्टार श्रीमुरली अहम भूमिका में नजर आएंगे.

बुधवार को होम्बले फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर बघीरा के नए पोस्टर के साथ रिलीज डेट का एलान किया. पोस्टर में भारी बारिश में एक मास्क की झलक दिखाई है, साथ फिल्म की रिलीज डेट भी मेंशन किया गया है. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, न्याय की तलाश शुरू. बघीरा 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में धूम मचाएगी. होम्बले फिल्म्स की निर्मित यह फिल्म, जिस पर श्रीइमुरली ने मई 2022 में काम करना शुरू किया था, 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आ रही है. कुछ दिन पहले, फिल्म की तारीख को लेकर काफी चर्चा हुई थी कि किच्चा सुदीप की मैक्स की संभावित रिलीज डेट क्या हो सकती है।

# सिंघम अगेन का ट्रेलर जारी, अर्जुन कपूर और अजय देवगन के बीच देखने को मिली भिड़ंत




अजय देवगन, रणवीर सिंह अक्षय कुमार, अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है. ट्रेलर में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार का दमदार रोल देखने को मिला है. ट्रेलर ने फैंस और दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है.रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की आगामी फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गई है. फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार है. ट्रेलर में फिल्म की झलक को मॉर्डन रामायण की स्टोरी जैसा दिखाया गया है, जिसमें अजय देवगन- राम, करीना कपूर- सीता, टाइगर श्रॉफ - लक्ष्मण, रणवीर सिंह- बजरंगबली, अक्षय कुमार- जटायु और अर्जुन कपूर को रावण का रोल अदा कर रहे है. वहीं, दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के अवतार में नजर आई है.

ट्रेलर की शुरुआत काफी दमदार है. बैकग्राउंड में संस्कृत के श्लोक और जय श्रीराम की धुन रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं. वहीं, छत्रपति शिवाजी और जय मराठा के नारे से फिल्म में मराठी टच देखने को भी मिलेगा. ट्रेलर में एक्शन सीक्वेंस से लेकर म्यूजिक और डायलॉग तक सब कुछ दमदार है. दर्शकों और फैंस को सिंघम अगेन का दमदार ट्रेलर का पसंद आया है. अब, फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं.

बीते रविवार को रोहित शेट्टी ने एक स्पेशल प्रोमो के साथ सिंघम अगेन के प्रोमो का एलान किया था. अपने दमदार वॉयज ओवर के साथ फिल्म मेकर ने बताया था कि फिल्म का ट्रेलर 7 अक्टूबर रिलीज होने वाला है.

सिंघम अगेन फिल्म में अअजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## खेल

# एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत का पहला मेडल पक्का

पेरिस की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साउथ कोरिया को हराया



अस्ताना। भारतीय महिला टीम ने एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर किया है। टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साउथ कोरिया को 3-2 से हराया और टॉप-4 में जगह बनाते हुए पदक पक्का किया। इस जीत में अयहिका मुखर्जी ने अहम भूमिका निभाई। दुनिया की 92 रैंक भारतीय खिलाड़ी ने वर्ल्ड नंबर-8 शिन युबिन और दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी जियोन जिही को हराया। बुधवार को भारतीय महिला टीम का मुकाबला जापान से होगा।



इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एशियाई टेबल टेनिस संघ द्वारा आयोजित एशियन चैंपियनशिप में अपना पहला मेडल पक्का कर लिया। भारतीय महिलाओं ने अब बंद हो चुके टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ एशिया द्वारा आयोजित एडिशन में 1960 में ब्रॉन्ज जीता था। यानी कि भारत ने टूर्नामेंट में 64 साल बाद कोई मेडल जीता है।

## अयहिका ने 2 मैच जीते, आज सेमीफाइनल जापान से

मंगलवार शाम को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत और साउथ कोरिया के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबले में अयहिका और मनिका बत्रा ने भारत को 2-0 की अप्रत्याशित बढ़त दिला दी थी, लेकिन साउथ कोरिया ने स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया। इसके बाद अयहिका ने जिही को हराकर भारत को जीत दिलाई।

अयहिका पेरिस ओलिंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला टीम का हिस्सा नहीं थीं, लेकिन अर्चना कामथ के संन्यास के बाद वह इस टीम में लौटीं। अयहिका ने इस साल की शुरुआत में वर्ल्ड टीम चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी चीन की सुन यिंगसा को हराया था।

## पॉइंट्स में मैच रिजल्ट

अयहिका ने 8वीं रैंकिंग वाली युबिन को 11-9, 7-11, 12-10, 7-11, 11-7 से हराया।

मनिका ने जियोन जिही को 12-14, 13-11, 11-5, 5-11, 12-10 से मात दी।

श्रीजा अकुला को ली युन्ही के हाथों 6-11, 10-12, 8-11 से पराजय झेलनी पड़ी।

युबिन ने मनिका को 13-11, 11-4, 6-11, 7-11, 12-10 से हराया।

अयहिका ने निर्णायक मुकाबले में जिही को 7-11, 11-6, 12-10, 12-10 से मात दी।

भारतीय पुरुष टीम का क्वार्टर फाइनल आज

भारतीय पुरुष टीम बुधवार को क्वार्टर फाइनल खेलेगी। भारतीय टीम का मुकाबला कजाखिस्तान से होगा। यह मैच दोपहर 2 बजे शुरू होगा।

एक नजर

# भारतीय क्रिकेटर अक्षर पटेल बनने जा रहे हैं पिता

प्रशंसकों के साथ साझा की खुशखबरी



**नईदिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख ऑलराउंडर अक्षर पटेल पिता बनने वाले हैं ।उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए ये खुशखबरी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की है ।बतातें कि वह पहली बार पिता बनने जा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल जनवरी में मेहा पटेल के साथ गुजरात के वड़ोदरा में शादी की थी। उनकी पत्नी मेहा डायटीशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

अक्षर ने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, एक बहुत बड़ी खुशखबरी आने वाली है .इस पोस्ट के बाद से उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं ।बतातें चलें कि अक्षर हाल ही में कपिल शर्मा शो में कप्तान रोहित शर्मा, शिवम दूबे, सूर्यकुमार यादव और अर्शदीप सिंह के साथ नजर आए थे ।उन्होंने उस कॉमडी शो में मजाकिया अंदाज में संकेत दिया था कि उनके और उनकी पत्नी के लिए कुछ अच्छी खबर आने वाली है। अक्षर हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ सम्पन्न हुई टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने एक भी मैच में मौका नहीं मिला था ।उन्होंने 14 टेस्ट में 35.88 की औसत से 646 रन और गेंदबाजी में 55 विकेट लिए हैं ।वह 60 वनडे में 568 रन बनाने के साथ-साथ 64 विकेट ले चुके हैं ।उन्होंने 62 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 463 रन और 62 विकेट झटके हैं।

# टेस्ट क्रिकेटः जानिए कब-कब भारतीय बल्लेबाजों ने 10वें विकेट के लिए शतकीय साझेदारियां की




**नईदिल्ली** । टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में बल्लेबाजी में कई अविश्वसनीय पारियां देखने को मिली हैं ।आम तौर पर निचले क्रम के बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद कम ही होती है। हालांकि, कुछ मैचों में आखिरी नंबर पर बल्लेबाजी करने आए खिलाड़ियों ने धैर्य की अद्भुत मिसाल पेश की है ।इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 10वें विकेट के लिए भारत की ओर से शतकीय साझेदारी करने वाली जोड़ियों के बारे में जानते हैं।

साल 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने पारी और 140 रन से जीत दर्ज की थी ।ढाका में हुए उस मैच में भारत से सचिन तेंदुलकर और जहीर खान ने 10वें विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की थी ।तेंदुलकर ने नाबाद 248 रन बनाए और जहीर 75 रन बनाकर आउट हुए थे ।भारत ने पहली पारी 526 के स्कोर पर घोषित की थी। बांग्लादेश ने अपनी दोनों पारियों में क्रमशः 184 और 202 के स्कोर किए थे।

साल 2014 में नॉटिंघम में भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ 10वें विकेट के लिए 111 रन जोड़े और उनकी साझेदारी की बदौलत भारत ने पहली पारी में 457 रन बनाए थे ।उस मुकाबले में भुवनेश्वर (58) और शमी (51*) ने अर्धशतक लगाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने सभी विकेट खोकर 496 रन बनाए थे ।इसके बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी 391/9 के स्कोर पर घोषित की और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। भारत की ओर से हेमू अधिकारी और गुलाम अहमद की जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ 1952 में खेले गए टेस्ट में शतकीय साझेदारी (109) की थी।

# बाबर आजम पिछली 17 टेस्ट पारियों में नहीं लगा सके एक भी अर्धशतक




**नईदिल्ली** । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम का खराब फॉर्म जारी है। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 30 रन बनाए ।बल्लेबाजी के लिए मुफीद नजर आ रही मुल्तान की पिच पर वह बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे ।उन्होंने अपनी पारी में 71 गेंदों का सामना किया और वह क्रिस वोक्स का शिकार बने ।आइए उनके खराब दौर के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

बाबर टेस्ट क्रिकेट में अपनी पिछली 17 पारियों में 50 या उससे अधिक रनों का स्कोर नहीं बना सके हैं ।उन्होंने इन पारियों में 361 रन बनाए हैं, जिसमें 41 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है ।उन्होंने दिसंबर 2022 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपनी पिछली 50+ रन की पारी खेली थी ।इसके बाद से उनके स्कोर क्रमशः 14, 24, 27, 13, 24, 39, 21, 14, 1, 41, 26, 23, 0, 22, 31, 11 और 30 रन रहे हैं।

पिछले साल उन्होंने 9 पारियों में 22.66 की औसत से 204 रन बनाए थे। उन्होंने 2023 में कोई अर्धशतक नहीं लगाया था ।इस साल अब तक उन्होंने 4 टेस्ट की 7 पारियों में 20.42 की औसत से 143 रन बनाए हैं। इस बीच 31 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा ।साल 2022 में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने 69.64 की औसत के साथ 1,184 रन बनाए थे। उस बीच उन्होंने 4 शतक और 7 अर्धशतक लगाए थे। बाबर का इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इस टीम के विरुद्ध अब तक 8 टेस्ट की 13 पारियों में 58.27 की उम्दा औसत के साथ 641 रन बनाए हैं।

# अरुण जेटली स्टेडियम की पिच रिपोर्ट और मौसम का हाल

भारत बनाम बांग्लादेश, दूसरा टी-20




**नईदिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले टी-20 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हराया था ।अब सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा ।इंदौर में खेले गए पहले टी-20 में बांग्लादेशी टीम चुनौती देने में नाकाम रही थी। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाना चाहेगी ।आइए मैच की पिच रिपोर्ट, मौसम का हाल और अन्य आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

इस स्टेडियम की पिच काली मिट्?टी से बनी है, जो काफी कठोर और सपाट है। यही कारण है कि यहां बड़े स्कोर आसानी से बन जाते हैं ।कुल मिलाकर यह पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। टी-20 क्रिकेट में यहां गेंदबाजों के लिए कठिनाई बढ़ जाती है। ऐसे में उन्हें विकेट निकालने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होते हैं ।यहां पहली पारी का औसत स्कोर 164 रन है।

# किसी भी परिस्थिति में सत्य का साथ ना छोड़ें- रुचिता तिवारी

भास्कर दूत

**बालोद।** श्री दुर्गा समिति गंज पारा बालोद के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया। शक्तिपीठों में किस प्रकार मां भगवती के भिन्न-भिन्न अंगों से पीठ का निर्माण हुआ तथा उनकी महिमा किस प्रकार से है, किन सिद्धियो की प्राप्ति किस पीठ पर होती है आदि विषयों पर जानकारी दी।

कथा के दौरान राजा हरिश्चंद्र की कथा बताते हुए कहा कि सब कुछ दान देने के बाद राजा हरिश्चंद्र सिर्फ सत्य के भरोसे सब कुछ छोड़कर निकल गए। कथा का वृत्तांत बताते हुए रुचिता तिवारी ने कहा कि व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। धन, वैभव सब कुछ समय के साथ नष्ट हो जाता है, लेकिन सत्य व भगवान का सहारा हमेशा व्यक्ति को मिलता है। जब आप कष्ट में हैं तो सत्य का साथ दें और भगवान को याद करें। आपका कष्ट निश्चित रूप से दूर हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि जीवन में कल्याणकारी अमृतवाणी प्रकृति की कथाओं के लिए मां भगवती के चरणों को स्पर्श करना चाहिए। मां भगवती का चरण ही ऐसा है जो सबको पार उतार जाता है। उन्होंने कहा कि मां के दरबार में आने से आलस्य आता है। भगवती की कथा में आते हैं तो नींद आती है क्योंकि मां अपने आंचल की छाया में रखती है। भगवती के दरबार में सब एक समान होते हैं। आगे कहा कि व्यक्ति के चुनाव में सावधानी रखनी चाहिए। अक्सर हम सही व्यक्ति का चुनाव नहीं करते, कर्म करें कर्म करने के लिए स्वतंत्रता सभी को है। आपके पास समय है वह अमूल्य है। समय भगवान के लिए लगाएं। भगवान किसी पर कृपा करते हैं तो धन का हरण करते हैं। क्योंकि मनुष्य धन से अहंकारी होता है। आप प्रभु की सेवा करें प्रभु को 56 भोग की आवश्यकता नहीं है, जिसने अपने को समय दिया हो उसको समय दो। स्वयं के मूल्य को देखो। स्वयं को देखो।





**श्री दुर्गा समिति गंज पारा बालोद के तत्वावधान में श्रीमद् देवी भागवत कथा के सातवें दिन रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर दिया व्याख्यान**

### जिस बात की जानकारी ना हो उसे पुष्टि के बिना ना करें

उन्होंने कहा कि नजरिया एवं दृष्टि दोनों में अंतर है, जिस बात की जानकारी ना हो उसे पुष्टि किए बिना कहना गलत है। उस पर हंसने वाले बहुत हैं इसीलिए किसी बात की पुष्टि न हो तो अधिक बात नहीं करना चाहिए। जो दूसरों की बुराई करता है वह खुद निंदा का पात्र होता है। उन्होंने कहा कि सबसे श्रापित युग है कलयुग। मां करुणा है जो अनंत है मां शब्द है जो ब्रह्मांड में सबसे बड़ा है मां अनंत है सर्वप्रथम मां की रोटी में भाव होता है। मां सर्वमान है मां शब्द सर्वोच्च है, हर क्षण भगवान का नाम लेना चाहिए।

### शिव पार्वती के विवाह की निकली झांकी

कथा प्रसंग में आज पार्वती के जन्म की कथा भी बताई गई। इसके बाद शिव पार्वती के विवाह के प्रसंग के दौरान भव्य झांकी निकाली गई, इसमें शिव के सभी गण विशेष पोशाक में बाराती बनकर पहुंचे थे। इसके अलावा कई देवता भी इस विवाह के साक्षी बने। खूबसूरत झांकी ने सबका मन मोह लिया। सारा पंडाल बाराती बनकर झूमने नाचे लगा। भगवान शिव की जयकारे से पूरा पंडाल गूंज उठा।

# चैतन्य झांकी देखने उमड़ रहे लोग

भास्कर दूत

**बालोद।** नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन बालोद में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के तीसरे दिन उद्घाटन अवसर पर बालोद शहर व आसपास के विद्यालयों के प्राचार्यों का आगमन हुआ। इस अवसर पर श्री अरुण साहू (प्राचार्य सेजेस बालोद) श्री आरके वर्मा (प्राचार्य बेसिक शाला पाररास) श्री एस के बैक (प्राचार्य बघमरा) श्री डी के सुखदेव (प्राचार्य कन्या स्कूल बालोद) श्रीमती कविता वानखेड़े (प्राचार्य कनेवाड़ा )श्री पी आर ठाकुर (प्राचार्य सोरर) सहित श्री डबल्यू आर वानखेडे जी एवं श्रीमती सीमा देवांगन जी उपस्थित थे।



इस अवसर पर प्राचार्य श्री अरुण साहू जी ने चैतन्य देवियों के एकाग्रचित मन की सराहना करते हुए कहा कि यह राजयोग का ही कमाल है जो इतने समय तक पूर्ण स्थिरता के साथ यह बहने देवी स्वरूप में एकाग्रचित होकर बैठी है। पारराास प्राचार्य श्री आर के वर्मा जी ने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य है - मैं कौन हूं? मेरा कौन है? और मुझे इस सृष्टि पर क्या करना है?- इन बातों को जानना। जिसका ज्ञान हमें इस संस्था में आने से प्राप्त होता है। बघमरा प्राचार्य श्री एस के बेक जी ने कहा कि शांति एवं प्रेम के सागर परमपिता परमात्मा इन बहनों के द्वारा विश्व में शांति एवं प्रेम स्थापित करने का अनुपम कार्य कर रहे हैं।कन्या स्कूल बालोद के प्राचार्य श्री डी के सुखदेव जी ने कहा कि इस स्थान पर आने से ही एक अलग सी ऊर्जा की अनुभूति हो रही है जो कि इन ब्रह्मकुमारी बहनों की तपस्या एवं साधना का परिणाम है ।

कन्नेवाड़ा प्राचार्य श्रीमती कविता वानखेड़े जी ने कहा कि हमारा जीवन आज इतना व्यस्ततम हो गया है कि शांति की कल्पना भी नहीं कर सकते, इसलिए केवल योग ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने जीवन में पुनः शांति को स्थापित कर सकते हैं। सोरर प्राचार्य श्री पी आर ठाकुर जी ने कहा कि ऐसी मनोरम झांकी देखकर मन आनंदित है ।सचमुच यह योग का ही प्रभाव है जो यह देवियां इतने समय तक शांत मुद्रा में बैठ सकती है। श्री डब्ल्यू आर वानखेड़े जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था पूरे विश्व को एकता एवं बंधुत्व में बांधने का सराहनीय कार्य कर रही है। ब्रह्माकुमारी बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा की आप सभी शिक्षकों को यहां पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं क्योंकि शिक्षक ही है जो विद्यार्थियों को पूरे लगन से सभी पाठ पढाकर लायक बनाते है। आपको बता दे कि परमपिता परमात्मा शिव भी हमारा पिता, शिक्षक एवं सतगुरु है।

# जनपद सदस्य संजय बैस ने अरमुरकसा में ओपन जीम का भूमिपूजन किया

## जीम युवाओं के स्वास्थ्य के साथ आर्मी एवं पुलिस की भर्ती में होगा मददगार- संजय बैस

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा** - डौन्डी ब्लॉक के ग्राम पंचायत अरमुरकसा में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ओपन जीम का भूमिपूजन क्षेत्र के जनपद सदस्य संजय बैंस ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सरोज बाई बालेंद्र विशेष अतिथि ग्राम पटेल उप सरपंच एवम सभी पंचगण उपस्थित रहे। भूमिपूजन की शुरुआत पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। सरपंच सरोज बाई ने कहा की हमारे गांव में स्वास्थ्य के प्रति युवाओं की मांग पर हमारे जनपद सदस्य संजय बैंस के अथक प्रयास से पूरा हुआ है। मैं संजय बैस को धन्यवाद देती हु। हमारे गांव के युवा के साथ आस पास क्षेत्र के युवा इस मैदान पर पुलिस और आर्मी भर्ती की तैयारी के लिए आते है। इस जीम के निर्माण से युवाओं के लिए मददगार होगी। गांव के युवा हलधर गोरे मुन्ना आर्य ने कहा की हम हमारे गांव के मैदान पर जीम लगाने एवम मैदान का समतलीकरण कराने के लिए सभी जनप्रतिनिधि के पास गए पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। आज जो जीम की स्थापना का भूमिपूजन हुआ है उसे साकार करने वाले हमारे क्षेत्र के जनपद सदस्य संजय बैंस है हमारे गांव की हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहते है। हम सभी युवा संजय बैंस का आभार मनाते है। ग्राम के उप सरपंच दयालु राम भंडारी ने कहा की हमारे क्षेत्र के संजय बैंस के पास जो भी समस्या लेकर जाते है उनका समाधान अवश्य होता है। हाल भी एक स्कूल की राशि वापस चला गया था जिससे हमारी गांव में स्कूल निर्माण नही हो पा रहा था उसे भी शासन और प्रशासन से लड़ कर वापस लाए और आज सुंदर स्कूल का निर्माण होने का भी श्रेय हमारे जनपद सदस्य संजय बैंस को ही जाता है। जितना विकास की सहभागिता हमारे ग्राम अरमुरकसा को दे रहे है उतना तो किसी भी जन प्रतिनिधि ध्यान नहीं दिए। आगे भी ऐसा सहयोग हमारे गांव को मिलता रहेगा ऐसा संजय बैंस से आश्वासन चाहते है।





# लौह नगरी दल्ली राजहरा शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा आराधना में डूबा

## मां दुर्गा के दर्शन करने पंडालो में लग रही है भारी भीड़। नवदीप दुर्गाउत्सव समिति बस स्टैंड चौक में नव दिन विभिन्न मिष्ठान का वितरण

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा** - लौहनगरी दल्लीराजहरा में नवरात्रि पर्व काफी भक्तिभाव एवं उल्लास से मनाया जाता है। नगर में दुर्गा स्थापना सर्वप्रथम रविंद्र ग्रंथगार बंगाली समाज का राजहरा सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति को जाता है जो अपना दुर्गा स्थापना का 66 वा वर्ष मना रहा है द्य दूसरे नंबर पर आता है श्री श्रमिक दुर्गा उत्सव समिति कैम्प नंबर 1 पुराना बाजार जिनका यह वर्ष 49 वा वर्ष है। विघ्नहर्ता भगवान गणेश के विसर्जन के साथ ही विभिन्न समितियों के द्वारा मां दुर्गा की स्थापना के लिए तैयारी चालू कर दी जाती है द्य आज देखे तो भोर से लेकर रात्रि तक जगह-जगह मां की आराधना की गीत संगीत के साथ दर्शन करने वालों की भीड़ पंडालो में लगी रहती है द्य विभिन्न रूपों में विराजे मां दुर्गा के रूप का तो कोई मुकाबला नहीं है। कैंप नंबर वन श्री श्रमिक दुर्गा उत्सव समिति जो पीछे 49 वर्षो में मां साक्षात सिंह के ऊपर विराजित है।









नवदिन विभिन्न मिष्ठान का वितरण - नवदीप दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड चौक समीप माँ दुर्गा विराजमान है। यह दुर्गा पंडाल नगर सहित पूरे प्रदेश में नव दिन तक विभिन्न विभिन्न मिष्ठान प्रसाद के रूप में वितरित करने के लिए प्रसिद्ध है ।माता के दर्शन व प्रसाद के ये लंबी लाइन लगती है। वही पुराना बाजार वार्ड नंबर 14 में नव जागृत दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा भगवान गणेश को अपने गोद में लेकर बैठी मां दुर्गा की स्थापना की गई है ।गुप्ता चौक स्थित दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा मां दुर्गा की स्थापना शेरों के बीच में की गई है तो बेहतरीन आकर्षक के साथ अनिल प्रिंटिंग प्रेस के पास नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति शिव मंदिर समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा अपने पूरे नौ रूपों में शेर के उपर सवार है द्य जिले का सबसे बड़ा पंडाल बनाने का श्रेय सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति पंडर दल्ली को जाता है ।जहां सबसे बेहतरीन मंदिर के रूप के आकार में भव्य साजसज्जा के साथ मां दुर्गा की स्थापना की गई है द्य साथ ही दर्शकों को बैठने के लिए वॉटरप्रूफ मंच भी बनाया हुआ है ।गर्मी और उमस भी परेशानी ना हो इसलिए दोनों मंच में कुलर भी लगाए गए हैं द्य जिसमें बंगाली समाज की तरह भगवान गणेश मां सरस्वती भगवान कार्तिकेय भी स्थापित है द्य वही आज षष्ठी के दिन दल्ली राजहरा का सबसे पुराने दुर्गा उत्सव समिति होने का गौरव प्राप्त राजहरा दुर्गा उत्सव समिति बंगाली समाज का मां दुर्गा भी मां सरस्वती भगवान गणेश भगवान कार्तिक के साथ संध्या विराजित होंगे द्य जिसे देखने के लिए दल्ली राजहरा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार जो नौकरी से रिटायरमेंट होने के बाद दल्ली से जा चुके हैं वह भी सह परिवार मां दुर्गा की दर्शन करने के लिए आते हैं द्य समय के साथ-साथ बहुत कुछ बदलाव आ चुका है एक समय था जब लोग पैदल शाम से ही मां दुर्गा की दर्शन के लिए जाते थे द्य जहां पूरा रास्ता में भीड़ रहता था आसपास के गांव वाले भी दल्ली राजहरा में मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंचते थे द्य लेकिन अब बदलाव देखने को मिल रहा है द्य लोगों की पहले के मुकाबले में अब भीड़ कम हो गई है द्य गांव वाले भी अपने-अपने गांव में मां दुर्गा की स्थापना किए हुए हैं द्य दूसरा बदलाव जो देखने को मिल रहा है को भारतीय संस्कृति और धर्म की लिए एक इतिहास बनते जा रहा है वह है ।रामलीला जो लगभग समाप्ति की ओर है द्य दल्ली राजहरा के 6 नंबर स्कूल प्रांगण में एक समय था जब आसपास के प्रसिद्ध रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन होता था । लोग बड़े शौक से रामलीला देखने के लिए जाते थे उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला , उनका बचपन सीता स्वयंवर ,भारत मिलाप , रावण वध जैसे विभिन्न प्रसंग को देखकर भाव विभोर होते थे ।लेकिन अब यह परंपरा समाप्ति की ओर है।

# सदस्यता अभियान को प्रगति देने के लिए भाजपा ने सौंपी प्रदेश कार्यसमिति की ज़िम्मेदारी

## दल्ली राजहरा से जयदीप गुप्ता बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा** - छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष श्रीमान राकेश चंद्रकार जी के द्वारा प्रदेश की पिछड़ा वर्ग कार्यसमिति के कार्यों को गतिशील करने के लक्ष्य से , मोर्चा के सदस्यता अभियान प्रभारी श्री भरत वर्मा की सहमति से , प्रदेश भर में सदस्यता अभियान के सुचारू संचालन हेतु प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्तियां जारी करी जिनमे अलग अलग जिलों में सक्रियता से सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश कार्यसमिति के पदभार से नवाजा गया है । इसी तारतम्य में बालोद जिले के नगर दल्ली राजहरा से भाजपा नेता श्री जयदीप गुप्ता को छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है । श्री जयदीप गुप्ता द्वारा लगातार सदस्यता अभियान में घर घर पहुंचकर आमजनमानस तक सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं उसकी चर्चा जिले भर में है और इसी सक्रियता हेतु उन्हें पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य के दायित्व का पदभार सौंपा गया है । इस नियुक्ति पर श्री गुप्ता ने श्री भरत वर्मा , राकेश चंद्रकार , पवन साहू , राकेश यादव व चेमन देशमुख व समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और सदस्यता अभियान हेतु मिले इस दायित्व का निष्ठा से निर्वहन करने हेतु आश्वस्त किया ।



इसके साथ ही नियुक्ति पत्र जारी होते ही जिले भर से बधाइयों की लगी झड़ी जिनमे मुख्य रूप से गोविन्द वाधवानी,सुरेश जायसवाल, स्वाधीन जैन, विशाल मोटवानी, मनोज दुबे, गीता मरकाम, रमेश जैन, महेन्द्र सिंग, आशीष लालवानी , हितेश कुमार, योगेन्द्र सिन्हा, आलोक जैन, रुचिन जैन, विकाष ओतवानी, प्रकाश साहू, साहिल स्वर्णकार, पुनीत पटेल, अर्जुन यादव, जीतू ठाकुर, अभिजीत श्रीवास्तव, वैभव तिवारी, मुकेश खस , बिट्टू कनोजिया, देव पिपरे, राहुल सिंग ने बधाई दी है ।

# सोने चांदी के गहने ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ने में लवन पुलिस को मिली बड़ी सफलता

भास्कर दूत

**बलौदाबाजार।** जिले में,लवन (कोलिहा )एजेंसी लवन क्षेत्र सहित आसपास के गांव में घूम-घूम कर भोले भाले ग्रामीणों को ठगी का शिकार करते हुए एवं सूने मकान में चोरी करने वाले ठग गिरोह को पकड़ने में लवन थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है लवन थाना पुलिस द्वारा दिए गए जानकारी अनुसार लवन थाना के ग्राम कोलिहा निवासी प्रार्थी चंद्र कुमार वर्मा द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया गया कि दिनांक 1.10.2024 को दोपहर 12:30 बजे उसकी पत्नी पदमाबाई अकेली थी तभी दो अज्ञात महिला घर में आई एवं अपने प्रलोभन भरी बातों में उलझते हुए कही की अगर घर में कोई भी सोने चांदी की पुरानी जेवरात टूटी-फूटी होगी तो दिखाइए उसे हम फोटो खींचकर अपनी कंपनी भेजेंगे और अपने कंपनी द्वारा प्रचार करवाएंगे उसके पश्चात आपकोगहने वापस करेंगे और कुछ इनाम भी देंगे लालच में आकर ठगी महिलाओं को जेवरात एवं चांदी का सिक्का सौंप दिया गया ठगी महिलाओं द्वारा रहना रखकर रफू चक्कर हो गई कुछ देर बाद जब ठगी महिलाओं का पता नहीं चलने पर ज्ञात हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गई चुकी है क्योंकि कुछ दिन पहले भी ऐसे ही एक घटना और घट चुकी थी लवन पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 413/ 2024 धारा 318/ 435 बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया लवन थाना पुलिस द्वारा साइबर सेल एवं सिटी सर्विलांस की पुलिस टीम द्वारा सतत छानबीन एवं गहन जांच विवेचना करते हुए कुछ संदेही महिलाओं एवं पुरुषों को धर पकड़ कर पूछताछ किया गया जिस पर आरोपी महिला एवं पुरुषों द्वारा स्वीकार किया गया कि अंतर राज्यीय गिरोह द्वारा लवन थाना क्षेत्र में कुल 6 सिलसिले बार घटना को अंजाम दिया गया है इस गिरोह में आठ महिला एवं छह पुरुष सदस्य सहित कुल 14 सदस्य इसमें सम्मिलित है सभी अंतरराजयीय ठग गिरोह को विधिवत्त गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की गई आरोपियों में सभी झारखंड बिहार एवं मध्य प्रदेश निवासी है जिसमें संजू मल्हार 22 वर्ष झारखंड बसंत मल्हार बिहार 45 वर्ष सूरज मल्हार मध्य प्रदेश 22 वर्ष अभिमान मल्हार झारखंड 22 वर्ष अशोक मल्हार बिहार 46 वर्ष अवधेश मल्हार 38 वर्ष झारखंड अंतरा देवी 40 वर्ष बिहार सविता देवी मल्हार 35 वर्ष झारखंड दामिनी 21 वर्ष झारखंड कामिनी 18 वर्ष मध्य प्रदेश निर्जला 30 वर्ष झारखंड बेलपति 40 वर्ष बिहार जोगनी 45 वर्ष मध्य प्रदेश निवासी है इन सभी आरोपियों के पास से ?200000 कीमत की सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 10000 बरामद किया गया एवं कुल 22 नग मोबाइल जप्त किया गया सभी आरोपी अत्यंत संगठित एवं योजनाबद्ध तरीके से ठगी की घटना कोअंजाम देते थे आरोपियों द्वारा विशेष दोपहर के समय घर में अकेली रहने वाली महिलाओं को अपनी ठगी का शिकार बनाया करते थे गिरोह के सदस्य गांव में गली-गली घूम कर अकेली अमृत महिलाओं वाले मकानों को पहले रेकी करते थे उसके बाद घटना को अंजाम देते थे







## संक्षिप्त समाचार

### आदर्श झांकी परिवार मल्लिन की कार्यक्रम को देखकर दर्शन हुए मंत्र मुग्ध

**बलौदा बाजार-भाटापारा,** लवन कोलिहा आशी न्यूज़ एजेंसी शारदीय क्वाँर नवरात्रि के पंचम दिवस पांचवा स्वरूप स्कंद माता के रूप में पूजी जाती है स्कंदमाता को ही गौरी और पार्वती भी कहते हैं स्कंद माता देवी सौभाग्य की देवी भी कही जाती है और असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली होती है सूर्य मंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इसका उपासक अलौकिक तेज और प्रकृति से उत्पन्न होता है इसलिए इस तिथि को सभी मंदिर एवं देवियों विशेष सिंगार कर पूजन अर्चन किया गया ग्राम कोलिहा सड़क पार में भी सर्वजनि दुर्गा उत्सव समिति के सौजन्य से क्षेत्र के प्रसिद्ध ख्याति प्राप्त आदर्श झांकी परिवार मल्लिन का आयोजन किया गया कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व रामचंद्र वर्मा हितेंद्र वर्मा गोविंद वर्मा अमित कुमार वर्मा शिव शंकर वर्मा कृष्ण कुमार वर्मा द्वारा संचालक एवं सभी पात्रों का गर्म जोशी से स्वागत किया गया आदर्श झांकी परिवार द्वारा महिषासुर मर्दन सहित विभिन्न कथाओं का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया जिससे दर्शक भाव विभोर होकर एवं भव्य मंचन को देखकर हजारों की संख्या भरी भीड़ को मंत्र मुग्ध कर दिए माता दुर्गा काली शाहित सभी नव रूपों का साक्षात दर्शन कराया सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम कोलिहा सड़क पार द्वारा प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रम कराया जाता है इसी क्रम में छठवें दिवस जय मां चंडी जगराता ग्रुप बरदा सप्तमी तिथि को सुर संगम बालिका मानस जगराता ग्रुप ग्राम बगबुड़ा की प्रस्तुति होगी कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक समिति के नीलमणि वर्मा जागेश्वर वर्मा चंद्रकांत वर्मा सूर्य कांतवर्मा वीरेंद्र वर्मा रामचंद्र वर्मा हितेंद्र कुमार वर्मा गोविंद वर्मा अमित कुमार वर्मा सुरीत कुमार वर्मा हरि वर्मा संजय वर्मा तुषार वर्मा अश्वनी वर्मा ओम वर्मा लकी वर्मा अमन वर्मा राहुल वर्मा नंदू वर्मा टीकू वर्मा शेष कुमारी वर्मा सहित सभी सदस्य का विशेष सहयोग मील रहा है है



### कामधेनु, काली मंदिर भेंड़ी में सभी श्रद्धालुओं के नाम सिर्फ एक जोत

**बालोद।** ग्राम भेड़ी (सुरेगांव) में स्थित कामधेनु, काली मंदिर में सभी श्रद्धालुओं के नाम से एक ही जोत जलाई गई है। सभी लोग यहां पहुंचकर एक ही ज्योत की सेवा करते हैं। यह क्रम पिछले 10 साल से चला रहा है। दोनों नवरात्रि में यहां पर जितने भी श्रद्धालु मनोकामना ज्योत जलाने की मनोकामना रखते हैं उन सभी के नाम से एक ही जोत रखी जाती है। भेड़ी स्थित मां काली मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनोकामना जोत जलाई गई है। यहां के संस्थापक नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि इस वर्ष 24 लोगों ने मंदिर में मनोकामना ज्योत जलाने की इच्छा जताई थी। यहां पर सभी श्रद्धालुओं के नाम पर सिर्फ एक ही ज्योत जलाई जाती है। इससे सभी श्रद्धालु एक ही जोत को अपना जोत मानकर उसकी सेवा करते हैं। श्रद्धालुओं के मन में ज्योत के प्रति श्रद्धा अधिक हो जाती है, क्योंकि सभी इसे अपना ही ज्योत मानते हैं। गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने बताया कि यह क्रम पिछले 10 साल से चला रहा है। दोनों नवरात्रि पर ज्योत जलाए जाते हैं। प्रतिदिन सुबह-शाम यहां मां की सेवा भी चलती है। ज्योत की सेवा करने के लिए न केवल ज्योत जलाने वाले बल्कि ग्रामीण भी बड़ी संख्या में आते हैं। पंचमी पर विशेष पूजा अर्चना की गई। वही अष्टमी व विसर्जन पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां स्थापित कामधेनु व काली माता की मूर्ति भव्य है जिसका दर्शन करने प्रतिदिन अनेक श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां प्रत्येक पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है।



### विधायक इंद्र साव के प्रयास से भाटापारा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा

विधायक के प्रस्ताव को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी स्वीकृति

**बलौदा बाजार-भाटापारा,** भाटापारा अब राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जायेगा,इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है,विधायक इंद्र साव के द्वारा 2 माह पूर्व ही दिए गए प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने पर विधायक श्री साव ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है,वही अंचल वासियों ने जनहित के मामले को उठाने पर विधायक इंद्र साव का आभार जताते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। विदित हो कि लगभग 2 माह पूर्व 30 जुलाई को विधायक इन्द्र साव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बलोदा बाजार-- भाटापारा - लिमतरा 45किमी मार्ग को राष्ट्रीय राज मार्ग से जोड़ने बाबत एक मांग पत्र दिया था।



दैनिक
हर खबर पर नज़र
# भास्कर दूत
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, गुरूवार 10 अक्टूबर 2024


## शहर में विराजित देवी प्रतिमाएं


स्टेशनपारा, राजनांदगांव


तुलसीपुर, राजनांदगांव


चौखड़ियापारा, राजनांदगांव


नंदई चौक, राजनांदगांव


दीवानपारा, राजनांदगांव


बांसपाई पारा, राजनांदगांव

# अतिक्रमणकारियों में कलेक्टर का वाहन चालक भी शामिल!

## शांतिनगर में तीन शासकीय सेवक कर रहे हैं अवैध निर्माण?

भास्कर दूत

राजनांदगांव। सैंय्या भए कोतवाल तो डर काहे का...इसी तर्ज पर शहर के शांतिनगर वार्ड में तीन सरकारी कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत मिली है। अहम बात यह है कि अतिक्रमणकारियों में कलेक्टर का वाहन चालक भी शामिल है, जिसके द्वारा अपनी पहुंच-पकड़ का धौंस दिखाकर खुलेआम अतिक्रमण कर निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। एक साथ तीन शासकीस सेवकों की मनमानी को लेकर वार्ड के नागरिकों में आक्रेश देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर के शांतिनगर वार्ड नं. 6 में गली नंबर 4 व गली नंबर 5 के बीच स्थित नहर-नाली रोड में मोहन चंदेल, चुन्नू लाल सिन्हा, कामता प्रसाद साहू द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से कॉलम-दीवाल का पक्का ढाँचा निर्मित कर दिया गया है, जिससे वार्डवासियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। दोपहिया व चारपहिया वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है। मोहन चंदेल, चुन्नू लाल सिन्हा, कामता प्रसाद साहू तीनों शासकीय कर्मचारी हैं, जिनके द्वारा जानबूझकर लोगों को परेशान करने की नियत से ऐसा कृत्य किया जा रहा है। मोहन चंदेल द्वारा अपने घर के पेड़ को काटकर कर रोड-रास्ते पर ही रखवा दिया जाता है। साथ ही निजी वाहनों को भी रास्ते में रखवा दिया जाता है। इसी तरह चुन्नू लाल सिन्हा द्वारा अतिक्रमण करने के उद्देश्य से शासकीय भूमि के रास्ते पर मकान निर्माण करने हेतु कॉलम गड्ढा खोद दिया है। कामता प्रसाद साहू, जो जिलाधीश राजनांदगांव के वाहन चालक हैं, के द्वारा शासकीय भूमि पर पक्का निर्माण कर लिया गया है, जिसमें छत ढलाई बांकी है। इस तरह तीनों के द्वारा शासकीय कर्मचारी रहते हुए शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए अतिक्रमण किया जा रहा है।



### कलेक्टर, आयुक्त, एसडीएम से शिकायत

सूत्रों के अनुसार शांतिनगर स्थित नहर-नाली का सीमांकन राजस्व विभाग के द्वारा किया गया है, जिसमें नहर-नाली की कुल चौड़ाई 66 फुट है, जिस पर अतिक्रमण किया जा रहा है। चुन्नू लाल एवं कामता प्रसाद के द्वारा नगर निगम राजनांदगांव से भवन अनुज्ञा भी प्राप्त नहीं किया गया है एवं छत्तीसगढ़ भूमि विकास अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते हुए भवन निर्माण किया जा रहा है। इस मामले को लेकर शांतिनगर के नागरिकों द्वारा नगर निगम आयुक्त को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है। साथ ही शिकायती पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार को भी प्रेषित की गई है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्यवाही करता है?

# डोंगरगढ़ के दो कथित पत्रकार अंदर

## डोंगरगढ़ के करवारी रेस्ट हाऊस में बदसलूकी का मामला



राजनांदगांव (भास्कर दूत)। डोंगरगढ़ के करवारी स्थित फारेस्ट रेस्ट हाऊस में भोजन बनाने वाले मजदूर से बदसलूकी और शराब पीने के लिए उसकी जेब से 500 रूपए जबरन निकालने वाले कथित पत्रकार और उसके दोस्त के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। दोनों को आज गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

डोंगरगढ़ टीआई जितेंद्र वर्मा ने बताया कि प्रार्थी चन्द्रशेखर वर्मा पिता सेवकराम वर्मा उम्र 51 साल निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ करवारी फारेस्ट नाका में खाना बनाने का काम करता है। वह आठ अक्टूबर की रात में करवारी फारेस्ट रेस्ट हाउस में खाना गरम कर मेला ड्यूटी में आए अधिकारियों के लिये खाना परोस रहा था। उसी समय डोंगरगढ़ निवासी राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल खाना बनाने वाले रूम में आकर हम लोग पत्रकार हैं, बोलते हुए प्रार्थी के साथ गाली-गलौज किये और खाना लगाओ बोले। प्रार्थी के द्वारा अभी साहब लोगों को खाना दूंगा कहने पर राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल ने दारू पीने के लिये पैसे दो कहते हुए प्रार्थी की पैंट की जेब में हाथ डालकर 500 रूपए को निकाल लिए और प्रार्थी से धक्का-मुक्की कर जान से मार देने की धमकी दे डाली। इस घटना की लिखित शिकायत पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

उन्होंने बताया कि विमल अग्रवाल कोई पोर्टल चलाता है और इसके एक माह पूर्व आरोपी राहुल ओझा के द्वारा शराब के नशे में सीएचसी डोंगरगढ़ के प्रसव कक्ष में घुसकर गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया था, जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रं. 432/2024 धारा 221, 296 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है। दोनों आरोपियों की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है- विमल अग्रवाल पिता स्व. गोविन्द लाल अग्रवाल उम्र 40 साल निवासी वार्ड नं. 19 कोर्ट रोड डोंगरगढ़ और राहुल ओझा पिता अशोक ओझा उम्र 31 निवासी ग्राम अछोली थाना डोंगरगढ़।

# आखिर किसने तोड़ा स्टेट स्कूल का चबूतरा?

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला यानि स्टेट स्कूल परिसर में विकास निर्माण के नाम पर बीते साल से मनमानी चल रही है। विगत वर्ष यहां कई बबूल के बड़े और मोटे पेड़ काट डाले गए थे। अब इस वर्ष पुराने बड़े चबूतरे को बुरी तरह तोड़ डाला गया है। हालांकि वार्ड पार्षद चबूतरा के अपने आप क्षतिग्रस्त होने की बात कह रहे हैं, लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं लग रहा है कि वह खुद ही इतनी बुरी तरह टूट फूट गया हो।



उल्लेखनीय है कि उपरोक्त बड़ा चबूतरा छात्र-छात्रा, खिलाड़ी तथा प्रबुद्धजनों के बैठने उठने के काम आता था, जो अब अपना अस्तित्व खो चुका है। इसकी जगह नया चबूतरा बनेगा या फिर समतल मैदान का एक हिस्सा रह जाएगा, यह समय ही बताएगा। बहरहाल यहां पर से कांक्रीट और मुरूम आदि मलबा अविलंब उठाकर कहीं ठिकाने लगाया जाना जरूरी हो गया है, क्योंकि इस मैदान में दो दिन बाद दशहरा उत्सव में भारी भीड़ उमड़ेगी।

# आनंद रोडवेज के ड्रायवर-कंडक्टर गिरफ्तार

## फिटनेस में फेल बस के संचालन का मामला



राजनांदगांव (भास्कर दूत)। फिटनेस में फेल बस को कोर्ट द्वारा सुरक्षार्थ देने के बावजूद बस का संचालन करते पाए जाने पर सुरगी पुलिस द्वारा मना करने पर विवाद करने पर आनंद रोडवेज की बस के चालक और परिचालक को आज गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी सुरगी थाना बसंतपुर के अपराध क्रं. 363/2024 धारा 281, 125 (ए) (बी), 106 बीएनएस के मामले में विवेचना दौरान घटना कारित प्रयुक्त वाहन आनंद रोडवेज की बस क्रमांक सीजी 07 ई 0980 को खराब स्थिति में जप्त किया गया था। बस संचालक द्वारा बस को चलने योग्य नहीं होने बताए जाने पर बस संचालक को सुरक्षार्थनामा में देकर न्यायालय से सुपुर्दनामा करा लेने की हिदायत देकर सुरक्षा में रखवाया गया था, किंतु उक्त बस को न्यायालय से बिना सुपुर्दनामा में लिए अपनी मर्जी से राजनांदगांव-बालोद रोड पर चलाया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर एएसपी राहुल देव शर्मा एवं सीएसपी पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में आज सुरगी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक वीरेंद्र मनहर के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा ग्राम हल्दी बाजार चौक में उक्त बस को रुकवाकर पुलिस चौकी सुरगी लाया गया। बस को खड़ी करने के बाद चालक एवं परिचालक द्वारा अपने मालिक का धौंस देकर पुलिस वालों के साथ विवाद करने लगे। इस पर दोनों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धारा 170-126, 135(3) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर तहसील न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं- बस चालक देवेंद्र सिंग राजपूत पिता बिसौहा सिंग राजपूत उम्र 45 वर्ष, निवासी गौरीनगर, चर्च के पास राजनांदगांव और परिचालक- सगीर अहमद खान पिता निसार अहमद खान उम्र 55 वर्ष निवासी गौरीनगर, गुरुनगर राजनांदगांव। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक वीरेंद्र मनहर, एएसआई हरीश टेम्भुरकर, प्रधान आरक्षक शिशुपाल भालाधरे, आरक्षक डोमेन्द्र देशमुख एवं वेदप्रकाश रत्नाकर की भूमिका रही।

# मेडिकल संचालक ने धमकाया, आरएमओ ने दिया इस्तीफा!

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। जिला चिकित्सालय में एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा आरएमओ को कथित तौर से धमकाए जाने के बाद डॉक्टर ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। हॉस्पिटल के डॉक्टर इस तरह बाहरी व्यक्ति की दादागिरी की खिलाफत हुए चिकित्सालय प्रबंधन से उक्त मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में डॉक्टर अनिल महाकालकर के स्थानांतरण के बाद डॉक्टर महेंद्र को आरएमओ बनाया गया था। सरल स्वाभाव के डॉक्टर महेंद्र चिकित्सालय में अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते रहे हैं। अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र खोले जाने की बात पर एक मेडिकल स्टोर संचालक ने सिविल सर्जन के दफ्तर में उन्हें धमकी दे डाली। इसके बाद डॉक्टर महेंद्र ने सिविल सर्जन को अपने पद से त्याग पत्र सौंप दिया है।

## निखिल ने रंगोली से बनाई देवी मां की तस्वीर



राजनांदगांव (भास्कर दूत)। सुरगी निवासी निखिल ने नवरात्रि पर रंगोली के माध्यम से 20 घंटे की कड़ी मेहनत से माता रानी का सुंदर और मनमोहक चित्र तैयार किया है। निखिल पिछले साल नवरात्रि में अपने ग्राम सुरगी से डोंगरगढ़ तक पूरे रास्ते पर रंगोली बनाते हुए निकले थे और धर्मनगरी डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी की हु-ब-हू रंगोली से चित्र बनाया था, जिसे सबने सराहा था।

# मोहारा बायपास में दो वाहनों में भिड़ंत, एक गंभीर

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। स्थानीय मोहारा बायपास में ट्रेलर और कंटेनर की भिड़ंत में कंटेनर चालक को गंभीर चोटें आई है। घटना आज सुबह 11.30 बजे हुई। जख्मी कंटेनर चालक का मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक मोहारा बायपास में जोगी नगर के समीप रायपुर जा रहे कंटेनर का सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ंत हो गई। इस घटना में कंटेनर चालक सलीम खान को गहरी चोंट पहुंची है। ट्रेलर चालक को मामूली चोंट लगी है। बसंतपुर पुलिस के अनुसार आपसी भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। कंटेनर चालक के पैर में चोंट लगने से वह बुरी तरह से घायल हो गया है। कंटेनर में मोबाइल टावर का सामान भरा हुआ था। ट्रेलर में लोहे का भारी सामान था। हादसे के कारण बायपास में आवाजाही काफी देर तक प्रभावित रही। बाद में पुलिस ने बाधित आवाजाही को बहाल किया। विवेचना जारी है।

ALL IN ONE COMPUTER INSTITUTE
& SPOKEN ENGLISH CLASSES
नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट ।
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
1000/- विशेष छूट
BCA, DCA, PGDCA
1000/- विशेष छूट
KARAN SAHU -7000071773
FEES STRUCTUTRE-2024-25

| S.NO. | COURSE | FEES | DURATION |
|---|---|---|---|
| 1 | BCA | 15500 | 3 YEAR |
| 2 | DCA | 12000 | 1 YEAR |
| 3 | PGDCA | 14000 | 1 YEAR |
| 4 | TALLY | 3000 | 2 MONTH |
| 5 | MS-OFFICE | 5000 | 3 MONTH |
| 6 | MS-OFFICE+ TALLY | 7500 | 6 MONTH |

नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
For More Detail. : 70000-71773
पता - दिग्विजय कॉलेज के सामने, गोपी बर्तन के पास, ट्रांसफार्मर के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)

## ऑडिटोरियम में गरबा: झूम उठे युवक-युवती, महिलाएं और बच्चे

# बॉलीवुड सिंगर लकी तरार के साथ गरबा ने मचाई धूम

भास्कर दूत

राजनांदगांव। शहर के गौरव पथ स्थित पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में छह अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक भव्य गरबा उत्सव का आयोजन पद्मावत महिला कल्याण समिति, राजपूत समाज करणी सेवा एवं कृष्ण समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें युवक-युवती, महिलाएं और बच्चे झूम उठे।





कार्यक्रम में गरबा प्रेमियों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। बेस्ट परफॉर्मेंस, बेस्ट गरबा, बेस्ट ड्रेस अप के लिए प्रतिदिन आकर्षक उपहार रखे गए थे। प्रतिदिन गरबा की प्रस्तुति पर बेस्ट पफॉर्मर एवं बेस्ट गरबा के लिए निर्णायक समिति में स्वाति मानकर, ममता सोनी, अर्चना दास, अमित ममंदड़ा, साधना तिवारी, माया शर्मा तथा समिति के सदस्यों को भी निर्णायक के लिए साथ में लिया गया, जिनके द्वारा हर रोज की प्रस्तुति को ध्यान में रखकर विजेताओं को आकर्षक उपहार एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। विभिन्न विजेता, जिसमें मोनिका ठाकुर, ओमनी बघेल, राशि तोमर, तारिणी, लालनी, आयुष अग्रवाल, अहाना हुडा, समृद्धि गुप्ता तथा बेस्ट कपल कमल सिन्हा और अनामिका सिन्हा को अच्छी प्रस्तुति के लिए उपहार दिया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विभिन्न सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया गया, जिस पर श्याम सेवा महिला मंडल, कस्तूरबा महिला मंडल, विप्र फाउंडेशन, डॉ मिथिलेश शर्मा, डॉ. वरुण जैन, डॉ. राजेश्वर वर्मा, डॉक्टर कविता वर्मा, डॉक्टर विधि मोदी, डॉक्टर मधु भदोरिया, डॉक्टर आरएस भदौरिया, डॉक्टर पुखराज बाफना, राजपूत समाज से जय नारायण सिंह, सुदेश देशमुख, दुष्यंत दास, अतुल रायजादा, सुरेश सोनी तीरंदाज संचालक एवं संपादक आदि उपस्थित रहे।

# दो भाइयों की डूबने से मौत, नहाने गये थे तालाब... इधर बिजली गिरने से एक की मौत, छह घायल

भास्कर दूत

रायपुर। राजधानी के खमतराई इलाके में तालाब में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में सगे भाई थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**नहाने गये दो भाइयों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।**



घटना खमतराई थाना क्षेत्र के गोंदवारा के शीतला तालाब की है। जानकारी के मुताबिक गोंदवारा निवासी रचित दुबे (13 वर्ष) और 11 वर्षीय हर्षित दुबे मोहल्ले के ही शीतला तालाब में नहाने के लिए पहुंचे थे। नहाने के दौरान दोनों भाई गहरे पानी में चले गये और डूब गये। इस घटना की सूचना जैसे ही आसपास के लोगों को हुई तो उन्होंने खमतराई थाने को जानकारी दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तालाब में डूबे दोनों भाइयों को गहरे पानी से निकाला गया।

पुलिस ने दोनों बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, एक ही परिवार के दो भाईयों की मौत से इलाके में मातम पसरा हुआ है। दो बेटों को खोने के गम में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

*बिजली गिराने से एक की मौत इधर राजधानी रायपुर के सिलयारी स्थित गोढ़ी गांव में बिजली गिरी है। इस घटना में कामिनी साहू नामक युवती की मौत हो गई। साथ ही 6 महिलाएं घायल हो गई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी ग्रामीण खेत मे खेती करने गए थे। घटना धरसीवां थाना क्षेत्र की है।*

# माता के दरबार में लगा भक्तों का तांता

## *माँ महामाया- शीतला मंदिर में 404 ज्योत प्रज्वलित*

भास्कर दूत-

**साज़ा।** शारदीय नवरात्र में माता के मंदिर में भक्त अपनी मनोकामना लिए बड़ी दूर- दूर से आ रहे है । नवरात्रि का यह पर्व बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ नगर में मनाया जा रहा है । क्षेत्र के भक्त जन भी यहाँ माता के दरबार में बड़ी संख्या में पहुँच रहे है । लोग अपने पूरे परिवार के साथ माँ महामाया मंदिर में दर्शन करने पहुँच रहे है । प्रत्येक वर्ष की तरह भी इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया है इसके अलावा मंदिर में स्थापित भोले नाथ, माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिक, नंदी और अर्जुन की भी प्रतिमा माँ महामाया मंदिर में देखने को मिलती है जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे है । मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया की इस वर्ष महामाया मंदिर में भक्तों ने 339 मनोकामना ज्योत व माँ शीतला मंदिर में 65 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए गए है ।





**साजा माँ महामाया मंदिर में श्रद्धालूओ ने टेके माथे, दूर-दूर से पहुँच रहे लोग**

# तक्षशिला लाइब्रेरी में पढ़ने आने वाले युवाओं को चाय, नाश्ता व भोजन के लिए बाहर निकलने की जरुरत नहीं, स्वसहायता समूह की कैंटीन में है सब मौजूद

संस्कृति स्वसहायता समूह चला रही कैंटीन, चिला, फरा, ठेठरी, खुरमी भी यहां उपलब्ध

भास्कर दूत

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर के तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन एवं लाइब्रेरी में पढ़ाई करने आने वाले युवाओं को चाय-कॉफी, नाश्ता और भोजन के लिए बाहर निकलने की जरूरत नहीं पड़ती। संस्कृति स्वसहायता समूह द्वारा यहां संचालित कैंटीन में सभी कुछ मौजूद है। मंगलवार को तक्षशिला लाइब्रेरी की व्यवस्था देखने आए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भी युवाओं से चर्चा करते यहां के फरा-चटनी, सैंडविच और कुल्हड़ में चाय का स्वाद लिया। उन्होंने इनके स्वाद की तारीफ भी की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने तक्षशिला लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं के साथ ही यहां स्वसहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन के इंतजाम का भी जायजा लिया। उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा कर यहां बनाए जाने वाले व्यंजनों, उनकी बिक्री और आमदनी की जानकारी ली। रायपुर नगर निगम द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के तहत समूह को यहां कैंटीन के संचालन के लिए जगह उपलब्ध कराई गई है। इससे जहां स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, वहीं लाइब्रेरी में पढ़ने आने वाले युवाओं को कम दरों पर चाय-कॉफी, नाश्ता और भोजन सुलभ हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव को संस्कृति स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती रोशनी सोनी ने बताया कि अप्रैल-2024 से समूह द्वारा तक्षशिला लाइब्रेरी में कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। यहां चिला, फरा, ठेठरी, खुरमी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ ही मैगी, सैंडविच, दाल, चांवल, रोटी इत्यादि बनाया जाता है। वे टिफिन सर्विस भी दे रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी खर्चों की कटौती के बाद समूह को हर महीने 35-40 हजार रुपए की आमदनी हो रही है।



**लाइब्रेरी आए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भी लिया यहां के फरा-चटनी का स्वाद, सैंडविच के साथ चाय भी पी**





# छुही खदान धंसने से दो लोगों की मौत

**सरगुजा.** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में छुही खदान धंसने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना लखनपुर क्षेत्र के बिजोरा नाला के पास की है. बताया जा रहा कि दोनों ग्रामीण सुबह 6 बजे छुही मिट्टी निकालने गए थे. छुही मिट्टी निकालने के दौरान यह हादसा हुआ. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुच कर मामले की जांच में जुट गई हैं।



# मानव तस्करी गैंग का खुलासा, विदेश में नौकरी देने का झांसा देकर ले गये

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुये अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी व धोखाधड़ी करने वाली महिला सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। तीनों ने मिलकर लाओस में स्थित एक कंपनी में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने के नाम पर भिलाई के युवक से दो लाख की ठगी की थी। पीड़ित युवक को लाओस ले गए थे, फिर वहां एक कंपनी में उससे ठगी का काम करवाने लगे। युवक ने काम करने से इनकार किया और किसी तरह वह से लौटकर भिलाई पहुंचा। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुये महाराष्ट्र से तीन आरोपियों को पकड़ा है। दरअसल, भिलाई निवासी प्रार्थी ने सायबर रेंज थाना दुर्ग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि लाओस में कम्प्युटर आपरेंटर के पद पर अधिक सैलरी में काम कराने का विज्ञापन दिखाकर 2 लाख की धोखाधड़ी की गई है। रिपोर्ट पर रेंज सायबर थाना दुर्ग में धारा 318 (4), 3(5) बी0एन0एस0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पीड़ित से पूछताछ पर यह तथ्य भी सामने आया कि उसे लाओस में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपीयों के द्वारा भेजा गया था जहा पर जाने के बाद प्रार्थी को स्कैम करने कि ट्रेनिंग 2 दिन तक दी गई।



## संक्षिप्त समाचार

### गायत्री परिवार तखतपुर द्वारा नवरात्रि साधना पूर्ण होगी 11 को

**तखतपुर।** गायत्री परिवार के तत्वाधान में सामूहिक साधना अनुष्ठान की पूर्ण आहुति से कुंडा यज्ञ से 11 अक्टूबर 2024 को संपन्न होगा। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया जावेगा तथा व्यक्ति परिवार समाज के निर्माण हेतु साहित्य का वितरण भी किया जाएगा। उक्त जानकारी गायत्री परिवार तखतपुर के व्यवस्थापक नारायण प्रसाद पाली द्वारा दी गई।

पति की हत्या का सनसनीखेज मामला

### प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने रची साजिश, नेशनल हाइवे पर दफनाया शव

**गरियाबंद।** प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने का मामला सामने आया है। मामला शोभा थाना क्षेत्र के पेंड्रा गांव का है। यहां की रहने वाली समारी बाई का विवाह ढोल सराई गांव के रहने वाले 33 साल के रोहित से हुआ था। पत्नी इकलौती बेटी थी, उसका पिता भी नही था, इसलिए रोहित घर जमाई बन कर रहने लगा था लेकिन 15 जुलाई की रात समारी को रोहित ने उसके प्रेमी के साथ आपत्ति जनक स्थिति में देख लिया। दोनो ने लोहे के रॉड से पिट पिट कर उसकी हत्या कर दी।



अंधविश्वास से आफत में जान

### आकाशीय बिजली से झुलसे युवक को गोबर के गड्ढों में गाड़ा

**सरगुजा।** ग्रामीण इलाकों में आज भी जागरूकता की कमी है, यही कारण है कि लोग अंधविश्वास के चक्कर में आ रहे. इसके चलते कई बार जान भी गवानी पड़ जाती है. ऐसा ही मामला छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले से सामने आया है, जहां अंधविश्वास के चलते आज एक युवक की जान जाते-जाते बच गई. दरअसल आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया था. उसे परिजन घंटों गोबर के गड्ढे में गाड़कर रखे थे. युवक गोबर के गड्ढे में घंटों बेहोश पड़ा रहा. गांव के एक शख्स ने युवक की हालत को देख 108 एंबुलेंस को कॉल किया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. यह मामला मैनपाट ब्लॉक के ग्राम सुपलगा का है. गंभीर रूप से घायल युवक का नाम बनवारी मझवार है. उनकी हालत अभी भी गंभीर है.



# सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिए डीएड अभ्यर्थियों ने किया जल सत्याग्रह, मांग नहीं माने जाने पर दी चेतावनी

भास्कर दूत




**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति नहीं देने से आक्रोशित डीएड अभ्यर्थियों ने बुधवार को जल सत्याग्रह कर सरकार का ध्यान खींचा. इसके साथ ही चेतावनी दी कि कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं होने पर इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे। अभ्यार्थी ओमप्रकाश ने बताया डीएड/डिप्लोमा अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशानुसार जल्द सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति देने की मांग को लेकर 2 अक्टूबर से तूता धरनास्थल पर हजारों संख्या में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक के शासन-प्रशासन की ओर से बातचीत की कोई पहल नहीं हुई है. जल सत्याग्रह में बैठे अभ्यार्थी अविनाश साहू ने बताया डीएड की नियुक्ति का आदेश हाई कोर्ट ने 7 माह पहले दिया था, साथ ही सुप्रीम कोर्ट का आदेश आए 1 माह से अधिक हो गया है. सरकार और विभाग ने अभी तक आदेश का पालन नहीं किया है, और अब तक डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं दी गई है. इसके साथ उन्होंने सवाल उठाया गया है कि हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है तो सरकार उसके आदेश का पालन क्यों नहीं कर रही है. क्या कोर्ट से बढ़कर सरकार है?. कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कराने से अराजकता फैलेगी, सिस्टम और सरकार से लोगों का भरोसा उठ जाएगा? इसके साथ ही जल सत्याग्रह करने वाले अभ्यार्थियों ने चेतावनी देते हुए कहा अगर इस सांकेतिक प्रदर्शन के बाद भी सरकार और विभाग उन्हें नियुक्ति नहीं देती है तो पूर्ण रूप से अपने जीवन त्यागने को विवश होकर इच्छामृत्यु की मांग करेंगे.

भाजपा नेताओं को पार्टी छोड़ने की चेतावनी

# नक्सलियों ने जारी किया फरमान

भास्कर दूत

**बीजापुर।** नक्सलियों ने जारी किया फरमान ् छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो भाजपा नेताओं को पार्टी छोड़ने का फरमान जारी किया है। भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर नक्सलियों के मद्देड एरिया कमेटी के सचिव बुचन्नना ने प्रेस नोट जारी किया है। भोपालपटनम के मंडल अध्यक्ष यालम वेंकेटश्वर और युवा मोर्चा नेता बिलाल खान पर गांव- गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने का आरोप लगाया है।

### भाजपा नेताओं को पार्टी छोड़ने का फरमान:

नक्सलियों ने जारी किया फरमान ् दरअसल भोपालपटनम के दो भाजपा नेताओं को पार्टी छोड़ने का फरमान जारी किया है। नक्सल नेता ने पटनम के आस-पास के आश्रम और पोटाकेबिन के अधीक्षकों से 20 से 30 हजार रुपए वसूली करने और पैसा ना देने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। नक्सल नेता ने यालम वेंकेटेश्वर और बिलाल खान को भाजपा छोड़ने की चेतावनी दी है। वहीं नक्सल नेता ने लोगों से भाजपा के सदस्यता अभियान से दूरी बनाने को भी कहा है।



### बीजापुर में नक्सलियों की बर्बरता

*नक्सलियों ने जारी किया फरमान ् वहीं बीजापुर जिले से एक बार फिर नक्सलियों की बर्बरता सामने आई है। सोमवार को नक्सलियों ने एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। मृतक ताटी कन्हैया बामनपुर पंचायत के पोषड़पल्ली गांव का रहने वाला था। मृतक ग्रामीण के पास नक्सलियों के मद्देड एरिया कमेटी माओवादी ने पर्चा लिखकर छोड़ा था। वहीं इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ हैं। पूरा मामला भोपालपटनम थाना क्षेत्र का था।*

'इन अतिरिक्त कोचों से 576 से अधिक यात्रियो को मिली कनफर्म बर्थ की सुविधा'

# 'दुर्गा पूजा, छठ पूजा में रेल यात्रियों के आरामदायक सफर एवं अधिकाधिक आरक्षित बर्थ की उपलब्धता हेतु अतिरिक्त कोच की व्यवस्था एवं स्पेशल ट्रेनों की सुविधा'

भास्कर दूत

**रायपुर।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6556 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा । इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक़ हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवेद्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है ।

गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं । यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है । दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6556 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व मेला, दिपावली एवं छठ पूजा में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन के द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा अक्टूबर' 2024 में कुल 04 अतिरिक्त अस्थायी कोच दिनांक 10 से 13 अक्टूबर, 2024 को 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में, दिनांक 05 से 13 अक्टूबर, 2024 को 18241 दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में, दिनांक 06 से 14 अक्टूबर, 2024 को 18242 अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में, दिनांक 06 अक्टूबर, 2024 को 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में लगाए जा रहे है । इसके साथ ही साथ दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 को 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस, दिनांक 13 अक्टूबर, 2024 को 18251/18252 कोरबा ङ्करायपुर ङ्कोरबा हसदेव एक्सप्रेस ट्रेनों में 04 स्थायी कोच भी लगाए जा रहे । इन सभी कोचों से लगभग 576 से भी अधिक रेल यात्रियों को कनफर्म बर्थ/सीट की सुविधा का लाभ मिला है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर यात्रियों के आरामदायक यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है तथा रेल यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरन्तर कार्यरत है ।



**'दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा प्रदान की'**

### दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा:-

इसी प्रकार दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा प्रदान की गयी है । दिनांक 09 अगस्त, 2024 को एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08893/94 गोंदिया - संतरागाछी ङ्कगोंदिया स्पेशल ट्रेन सावन मेला के लिए चलाई गयी थी । इसी प्रकार दिनांक 04 एवं 09 अक्टूबर, 2024 को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08893/94 गोंदिया - संतरागाछी ङ्कगोंदिया स्पेशल ट्रेन दुर्गा पूजा के लिए चलाई जा रही है । दिनांक 03 एवं 04 नवम्बर, 2024 को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08897/98 गोंदिया ङ्कपटनाङ्कगोंदिया स्पेशल ट्रेन छठ पूजा के लिए चलाई जा रही है । दिनांक 03 एवं 04 नवम्बर, 2024 को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08895/96 गोंदिया छपरा-गोंदिया स्पेशल ट्रेन छठ पूजा के लिए चलाई जा रही है । दिनांक 30 सितम्बर, 2024 को एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08857 दुर्ग-जम्मू तवी स्पेशल ट्रेन चलाई गयी । दिनांक 07 से 12 अक्टूबर, 2024 को छः जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08766/08767 डोंगरगढ़-रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन दुर्गा पूजा के लिए चलाई जा रही है, इसी प्रकार दिनांक 07 से 12 अक्टूबर, 2024 को छः जोड़ी स्पेशल ट्रेन 08764/08765 डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन दुर्गा पूजा के लिए चलाई जा रही है ।

# जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में 5 नवम्बर को होगा एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन

भास्कर दूत

**गरियाबंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने जिला मुख्यालय में 5 नवम्बर को एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन स्थानीय गांधी मैदान में करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक तैयारियां एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। एक दिवसीय राज्योत्सव में विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रदर्शन के लिए स्टॉल भी लगाए जायेंगे। इसके लिए कार्य योजना तैयार की गई है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा जिला प्रमुख अधिकारियों को राज्योत्सव आयोजन के संबंध में निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को कार्य दायित्व भी सौंपे गए। जिला मुख्यालय में 05 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन के उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा। स्थानीय कलाकारों के द्वारा उक्त दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। 01 से 05 नवम्बर तक रात्रि में शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख विभागों के थीम आधारित स्टॉल लगाये जायेंगे। महिला समूहों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभागीय अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद राकेश कुमार गोलछा को बनाया गया है। इसके अलावा नगर पालिका गरियाबंद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आयोजन स्थल का साफ-सफाई, पेयजल, टेंकर व्यवस्था, सभी सीईओ और सीएमओ को आमंत्रण पत्र वितरण करने, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने की व्यवस्था, जिला सेनानी नगर सेना का फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार का दायित्व जनसम्पर्क विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का राज्योत्सव की तैयारी के दायित्व सौंपे गये है।



**कलेक्टर ने राज्योत्सव आयोजन के लिए विभागों को सौंपे दायित्व**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग, मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com